(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

गुरुवार, 21 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 122 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

मधुरिमा तुली की नई महिला केंद्रित...8



## मेक इन इंडिया का केंद्र बनने जा रहा है दाहोद

### नए कारखाने से हजारों लोगों को रोजगार मिलने की संभावनाः मोदी



अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित शआदिजाति महा सम्मेलनश में शिरकत की। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मैं सर झुकाकर कह सकता हूं कि भारत का कोई भी आदिवासी क्षेत्र हो, मेरे आदिवासी भाई–बहनों का जीवन पानी जितना पवित्र और नई कोपलों जितना सौम्य होता है। मैंने दाहोद में अनेकों परिवारों के साथ, पूरे क्षेत्र में बहुत लंबा समय बिताया है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पुरानी मान्यता है कि हम जिस स्थान में रहते हैं, जिस परिवेश में रहते हैं, उसका बड़ा प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। मेरे सार्वजनिक जीवन के प्रारंभिक कालखंड में तो मैं उमरगांव से अम्बा जी, गुजरात की ये पूर्व पट्टी पूरा मेरा आदिवासी भाइयों का क्षेत्र मेरा कार्यक्षेत्र था। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बीच रहना, उनके बीच जिंदगी गुजारना, उनको समझना, उनके साथ जीना ये मेरे जीवन के प्रारंभिक वर्षों में आदिवासी माताओं–बहनों–भाइयों ने मार्गदर्शन किया है। महिलाओं का जीवन होगा आसान : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दाहोद और पंचमहाल के विकास से जुड़ी 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। जिन परियोजनाओं का आज उद्घाटन हुआ है, उनमें एक पेयजल से जुड़ी योजना है और दूसरी दाहोद को स्मार्ट सिटी बनाने से जुड़ा प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि पानी के इस प्रोजेक्ट से दाहोद के सैंकड़ों गांवों की माताओं बहनों का जीवन बहुत आसान होने वाला है।

## अवैध अतिक्रमण पर एक्शन को लेकर भड़के राहुल, कहा- नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने जहांगीरपुरी में दो दिवसीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जाने की घोषणा की है। मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पर पहुंच गया। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। जहांगीरपुरी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर को लेकर पूरे देश में राजनीति खूब तेज हो गई और बयानों का दौर भी शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने कोयले की कमी से संभावित बिजली संकट का जिक्र करते हुए मोदी सरकार को सलाह दी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 8 साल की बड़ी चर्चा के परिणामस्वरूप भारत के पास केवल 8 दिनों का कोयला भंडार है। मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। बिजली कटौती से छोटे उद्योग धराशायी हो जाएंगे, जिससे नौकरियों का और नुकसान होगा। नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो!

गौरतलब है कि इससे पहले भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए पीएम मोगी पर निशाना साधा था। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी जी ना सच बोलते हैं, ना बोलने देते हैं। वो तो अब भी झूठ बोलते हैं कि ऑक्सीजन संकट से कोई नहीं मरा! मैंने पहले भी कहा था – कोविड में सरकार की लापरवाहियों से 5 लाख नहीं, 40 लाख भारतीयों की मौत हुई। फर्ज निभाईये, मोदी जी – हर पीड़ित परिवार को 4 लाख का मुआवजा दीजिए।

## गुजरात में भी योगी का सुशासन की गूंज, भूपेंद्र पटेल ने की तारीफ

अहमदाबाद। सुशासन और उत्तर प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। इस संबंध में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी उनकी जमकर तारीफ की।



पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परिदृश्य को बदलने में अतुलनीय सफलता हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए, गुजरात के मुख्यमंत्री ने पत्रकार तथा लेखक शांतनु गुप्ता को लिखे अपने पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री योगी द्वारा राज्य में निवेश के क्षेत्र में तथा आर्थिक रूप से राज्य के आगे ले जाने दिशा में उनके प्रयासों को लेखन ने जीवनी में बखूबी दर्शाया है। योगी आदित्यनाथ के की दूरदर्शिता के कारण वैश्विक पटल पर उतर प्रदेश की एक नयी तस्वीर उभर कर आ रही है। दरअसल गुजरात के मुख्यमंत्री उस बहुचर्चित पुस्तक का उल्लेख कर रहे जिसमें लेखक द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व का वर्णन किया गया है। भूपेंद्र पटेल ने पत्र में लिखा कि 'द मॉन्क हू ट्रांसफॉर्म्ड उत्तर प्रदेश श में कैसे योगी आदित्यनाथ ने श्यूपी वाला भैयाश के अपमान को एक बैज में बदल दिया की आपकी जानकारीपूर्ण रचना को प्राप्त करने के लिए आभारी हूं। पुस्तक में योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद स्थिति को समझने का एक स्पष्ट प्रयास किया गया है। भूपेंद्र पटेल ने अपने पत्र में आगे कहा कि योगी आदित्यनाथ की उल्लेखनीय सफलता, जिसमें राज्य को उनके द्वारा किस तरह जीएसडीपी में दूसरे स्थान पर, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनस' में नंबर दो के स्थान और केंद्र सरकार की 45 योजनाओं में नंबर 1 पर पहुंचाने में सफलता हासिल की। उन्होंने लिखा कि ष्कभी 'बीमारू' का पर्याय माने जाने वाले राज्य की उपलब्धियों को मैं सराहना करता हूं।ष इसके साथ ही गुजरात में पात्र लाभार्थियों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के जीवनी लेखक शांतनु गुप्ता ने अपनी पुस्तक में सीएम के नेतृत्व में यूपी में हुए परिवर्तन के बारे में लिखा है।




## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली में फिर लौटा पाबंदियों का दौर, मास्क न पहनने पर लगेगा 500 रुपए का जुर्माना



नई दिल्ली। एक अप्रैल कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में गिरावट के चलते देश के कुछ राज्यों में मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना न लगाने का निर्णय लिया गया था। जिसमें देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल था। लेकिन दिल्ली में बढ़ते कोरोना के मामले के बीच एक बार फिर से सख्त पाबंदियों की वापसी होती दिख रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में मास्क पहनने को फिर से अनिवार्य कर दिया गया है। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार को अपनी बैठक में फैसला किया है कि दिल्ली में एक बार फिर मास्क अनिवार्य होगा। मास्क न पहनने वालों पर 500 रुपये के जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है।

बता दें कि इसके लिए एक एसओपी भी जारी की गई है। जिसमें कोविड प्रोटोकॉल के सख्ती से पालन की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजधानी में कोरोना की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने स्कूलों को लेकर पहले ही एसओपी जारी कर दी है। डीडीएमए की बैठक में टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिए जाने की भी चर्चा है।

एक अप्रैल कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में गिरावट के चलते देश के कुछ राज्यों में मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना न लगाने का निर्णय लिया गया है लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस तरह से प्रतिबंधा को पूरी तरह हटाने को जल्दबाजी वाला कदम बताया था। उनका कहना है कि मास्क का प्रयोग करने से कोरोना वायरस के अलावा इन्फ्लुएंजा और स्वाइन फ्लू से भी बचा जा सकता है। महाराष्ट्र और दिल्ली की सरकारों ने हाल में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता में ढील देने का निर्णय लिया था। पिछले दो साल से लागू इस नियम के तहत मास्क नहीं लगाने पर दो हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान था। जिसके बाद 11 से 18 अप्रैल के बीच, दिल्ली में दैनिक कोविड मामलों की संख्या में लगभग तीन गुना वृद्धि देखी गई, जिससे स्थिति ऐसे समय में चिंता का विषय बन गई। मंगलवार को, दिल्ली ने 4.42: की सकारात्मकता दर के साथ 632 ताजा कोविड –19 मामले दर्ज किए। सोमवार को ये आंकड़ा 501 था। जबकि सकारात्मकता दर 7.72: थी।

## जूनियर साइन्स ओलम्पियाड में अक्षत का चयन

लखनऊ। सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा–9 के छात्र अक्षत यादव ने होमी भाभा सेन्टर फॉर साइंस एजुकेशन, मुम्बई के तत्वावधान में आयोजित जूनियर साइन्स ओलम्पियाड में चयनित होकर लखनऊ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से एक लाख से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें स्कूल इस मेधावी छात्र ने अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराया है।

## IIT दिल्ली से ग्रेजुएशन, हार्वर्ड से MBA, पिता यशवंत से सीखे राजनीति के गुर, ऐसा है जयंत सिन्हा का सफर



नई दिल्ली। जयंत सिन्हा एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो वित्त के लिए संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और हजारीबाग, झारखंड से संसद सदस्य हैं। सिन्हा को राजनीति विरासत में मिली और उनके पिता यशवंत सिन्हा अटल बिहारी वाजपेयी (1998–2002) के तहत वित्त मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने वित्त और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया है। सार्वजनिक सेवा में अपने करियर से पहलेसिन्हा एक उद्यम पूंजीपति थे। उनके पास हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की डिग्री है। राजनीतिक कॅरियरः जयंत सिन्हा ने 1990 के दशक से ही भारतीय राजनीति और नीति निर्माण में भाग लेना शुरू कर दिया था। साल 1998 से जयंत सिन्हा ने अपने पिता को चुनाव अभियानों उनकी सहायता करने लगे और ये काम इन्होने हजारीबाग से शुरू किया था। उनके पिता जिस वक्त अटल बिहारी वाजपेयी (1998–2002) के तहत वित्त मंत्री थे, तब इन्होंने कई नई पहल की जिनमे बंधक ब्याज कर में कटौती और सरल रूप से आयकर रिटर्न दाखिल करने और कर अनुपालन में सुधार करने के लिए सरल रूप में नीतिगत इनपुट, आदि प्रदान किये। साल 2005 उन्होंने फिर से मैकिन्से–नैस्कॉम उद्योग रिपोर्ट के प्रमुख लेखकों में से एक के रूप में योगदान दिया। फरवरी 2014 में नरेंद्र मोदी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार नेताओं के मंच का आयोजन और उनकी मेजबानी भी की। साल 2014 में ही झारखंड की हजारीबाग सीट से जयंत सिन्हा ने लोकसभा का चुनाव लड़ा। साल 2019 में भी लगातार हजारीबाग सीट से वो विजयी हुए। सिन्हा के बारे में रोचक तथ्य : सिन्हा ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमएस पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय से ऊर्जा प्रबंधन और नीति में और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से डिस्टिंक्शन के साथ प्रौद्योगिकी स्नातक की डिग्री हासिल की है। लगभग 12 तक मैक्किंजे एंड कंपनी के साथ बोस्टन और दिल्ली कार्यालयों में एक भागीदार के रूप कार्य किया है। सिन्हा ने डेली हंट, डी.लाइट, आईमेरिट और जनाग्रह सहित कई कंपनियों और संगठनों के बोर्ड में काम किया है। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम, वाशिंगटन डीसी के अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड में सेवा देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

## कार्टून और कैरिकेचर पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ । लखनऊ पब्लिक कॉलेज विनम्र खण्ड गोमतीनगर में फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की ओर से कार्टून और कैरिकेचर पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। एलपीएस की निदेशक नेहा सिंह द्वारा स्थापित फ्लोरेसेन्स आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित कार्यशाला में 150 से ज्यादा 8वीं और 9वीं के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्टूनिस्ट हरिमोहन बाजपेयी माधव, विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। कार्टूनिस्ट हरिमोहन माधव ने कार्टून और कैरिकेचर के बड़े फलक के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला के दौरान छात्रों को अपने स्वयं के कार्टून और कैरिकेचर बनाने की छूट भी दी गई। जिससे छात्रों द्वारा कई अद्भुत और प्रेरक रेखांकन सामने आए। कार्यशाला में एलपीएस आनंद नगर, राजाजीपुरम, आम्रपाली, आनन्द नगर, गोमतीनगर और वृंदावन योजना के छात्र–छात्राओं के अलावा अध्यापकों ने भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

## जहांगीपुरी में बुलडोजर पर लगा ब्रेक, वृंदा करात ने कहा– कानून और संविधान पर बुलडोजर चला दिया गया




नई दिल्ली। दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाके जहांगीरपुरी में बुधवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। जहांगीरपुरी में हुई हिंसा के आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया गया। ये कार्रवाई करीब 2 घंटे तक चली। सुप्रीन कोर्ट ने जहांगीरपुरी में एमसीडी की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। आधिकारिक आदेश मिलने तक एमसीडी ने तोड़फोड़ जारी रखा। सीपीआईएम नेता बृंदा करात ने दिल्ली के स्पेशल पुलिस कमिश्नर के साथ बैठक की और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में जानकारी दी।

जहांगीरपुरी में माकपा नेता वृंदा करात ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सुबह 10रू45 पर अतिक्रमण विरोधी अभियान पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। जो बुलडोजर यहां कानून की धज्जियां उड़ा रहा है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ा रहा है मैं उसे रोकने यहां आई हूं। उन्होंने कहा कि जहांगीरपुरी के लोगों से मैं इतना ही कहूंगी कि सभी लोग सद्भाव और शांति बनाए रखें, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक यहां बुलडोजर रूक चुका है। सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश का इंतजार करें।

बता दें कि जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान पर थास्थिति बनाए रखने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद एनडीएमसी ने दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रखा हुआ था। याचिकाकर्ता दोबारा सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एमसीडी ने सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं माना है और कार्रवाई जारी रखी है। जिस पर ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री से उत्तरी दिल्ली के मेयर, उत्तारी डीएमसी कमिश्नर और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को यथास्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए कहा। सीपीआईएम नेता करात ने कहा कि कानून और संविधान पर बुलडोजर चला दिया गया। कम से कम सुप्रीम कोर्ट और उसके आदेश पर बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए था।

# मासूम बालिका की तालाब में लाश,मचा हड़कंप

## परिजनों ने बालिका की मामी पर गला दबाकर हत्या करने का लगाया आरोप,पुलिस गहन छानबीन में जुटी

कर्नलगंज, गोण्डा । स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में सुबह करीब पांच वर्षीय मासूम बालिका की तालाब में लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। हालांकि बालिका तालाब तक कैसे पहुँची इस मामले की पुलिस गहन छानबीन में जुटी है। मामला कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौरवा खुर्द के साई तकिया का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेरी निवासी ग्राम सौगहना फखरपुर जनपद बहराइच की करीब पांच वर्षीय बालिका अल्फिसा अपने मामा के घर रह रही थी। शाम को सब ठीक ठाक था और सब लोग खाना खाकर सो गये थे। लेकिन सुबह उठने पर जब अल्फिसा नहीं दिखी तो उसकी खोजबीन होने पर उसकी लाश घर के पास स्थित एक तालाब में पाई गयी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह पूरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचकर गहन छानबीन और विधिक कार्यवाही में जुट गये। वहीं परिजनों ने बालिका की मामी पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि हकीकत जो भी हो लेकिन पांच वर्षीय बालिका का रात्रि में गायब होना और सुबह तालाब में लाश मिलने से घटना को लोग आशंका की दृष्टि से भी देख रहे हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है,जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# भीषण गर्मी में अंधाधुंध बिजली कटौती से हलकान है उपभोक्ता

करनैलगंज,गोंडा। भीषण तपिश गर्मी में अंधाधुंध बिजली कटौती से उपभोक्ता हलकान है। जहां शहरों में 20 घंटे की बिजली के बजाय 12 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 से 18 घंटे के बजाय 6 घंटे बिजली मिलना मुहाल हो रहा है। जबरदस्त बिजली किल्लत से क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। एक तरफ तपिश और भीषण गर्मी के चलते लोग कूलर पंखे का सहारा ले रहे हैं। वहीं बिजली आपूर्ति में भीषण कटौती के चलते बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा चुकी है। प्रदेश सरकार द्वारा शहरों में 20 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 से 18 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश जारी किया गया था। दो दिन पूर्व तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर थी, मगर दो दिनों से चल रही भीषण कटौती, रोस्टिंग, ट्रिपिंग के चलते उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है। शहरी क्षेत्र में 20 घंटे के बजाय कुल मिलाकर 12 घंटे भी बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में 6 घंटे से 8 घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के भंभुआ उपकेंद्र की हालत खस्ता है यहां 6 घण्टे की आपूर्ति होती है। रात में हो रही बिजली कटौती और दिन में कई कई घंटों तक एक साथ कटौती लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। उधर बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस बारे में कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। करनैलगंज के एसडीओ एसके वर्मा कहते हैं कि कटौती रोस्टिंग करनैलगंज पावर हाउस से नहीं बल्कि ऊपर से की जा रही है। जो भी बिजली उप केंद्र तक आती है वह सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिजली व्यवस्था मैं सुधार कराया जा रहा है।

# 04 मई तक अधिकारियों की छुट्टियां निरस्त

गोण्डा ।शासन के निर्देश के क्रम में डीएम डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों, तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने–अपने दफ्तरों में सुबह साढ़े नौ बजे से बैठें तथा जनता की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से जारी निर्देशों के क्रम में सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में आगामी 04 मई तक सभी अधिकारियों–कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं तथा ऐसे अधिकारी जो पहले से अवकाश पर हैं उन्हें तत्काल वापस ड्यूटी पर आने को कहा गया हैं। इसके अलावा ब्लाक व तहसील स्तरीय अधिकारियों को उनके तैनाती के ब्लाक या तहसील में निवास करने व कार्यालय में समय से उपस्थित रहने के सख्त आदेश दिए गए हैं। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी अपने–अपने अधीनस्थों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित कराएं। कार्यालयों को साफ–सुथरा व सुन्दर बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कराया जाएगा तथा गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# स्कूलों में अधिक से अधिक कराएं नामांकन: संतोष देव पांडेय

## बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय कर्मडांडा में स्मार्ट कक्ष का किया उद्घाटन

मिल्कीपुर–अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के प्राथमिक विद्यालय कर्मडांडा में निपुण भारत अभियान के अंतर्गत स्मार्ट कक्ष के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने कहाकि नई शिक्षा नीति एक अप्रैल से लागू हो गयी है आप लोग अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन अपने विद्यालय में करवाइए ।नई शिक्षा नीति के अनुसार आंगनवाड़ी को प्राथमिक विद्यालय से प्री प्राइमरी के रूप में जोड़ दिया गया है ।आप लोग अपने विद्यालयों के कक्षा कक्षों को स्मार्ट कक्ष में रूपांतरित कराने का काम करिए जिसमें बच्चे बाल वाटिका आधारित शिक्षण गतिविधियां में शामिल होकर सीख सकें ।इससे पहले का मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन के साथ ही मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कर्मडांडा की बच्चियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय कर्मडांडा के बच्चों ने स्वागत गीत, घड़ी घड़ी भांग ना पिलाया करो गाने पर मनमोहक नृत्य कर सभी का मन मोहा ।नन्हे–मुन्ने बच्चों के कार्यक्रम को देखकर उपस्थित शिक्षकों ने खुश होकर बड़ी संख्या में आशीर्वाद स्वरुप हजारों रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया ।बच्चों ने कोरोनावायरस के सम्मान में एक लघुनाटक भी प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर संजय सिंह ने कहाकि स्मार्ट कक्ष में मौजूद प्रोजेक्टर,विभिन्न प्रकार के मॉडल एवं प्रदर्शनी,पुस्तकालय आदि से अनुभव प्राप्त करते हुए सभी शिक्षक साथी अपने विद्यालयों में इसका अनुप्रयोग करेंगे ।कोरोनाकाल में अपनी चर्चित कविताओं के लिए पुरस्कृत लेखिका व विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता उपाध्याय ने देश के प्रतिष्ठित प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अपनी पुस्तक की एक प्रति भी मुख्य अतिथि को भेंट किया ।कार्यक्रम का संचालन खेल अनुदेशक वकार अहमद एवं अध्यक्षता निवेदिता उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी रिचा सिंह, डायट मेंटर ज्ञानेंद्र कुमार, एआरपी सत्येंद्र द्विवेदी,पारिजा श्रीवास्त,निखिल सिंह,यशवीर सिंह,सुनील शर्मा,ग्राम प्रधान मुकेश पंडित,शिक्षक नेता श्रीकांत पांडेय,उमा प्रसाद यादव,मुकेश प्रताप सिंह,भगवती प्रसाद यादव, सचीपूर्णा सिंह,दिनेश कुमार तिवारी,ममता यादव,सुधांशु मिश्रा,कमलजीत सिंह,राजेश कुमार,नरेंद्र यादव आदि ने भी संबोधित किया।

रिटायर्ड शिक्षक अगनूराम को मंच पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षक संकुल वंदना श्रीवास्तव,निधि सिन्हा,नोडल प्रभारी अजय गुप्ता,मनीष मयंक,संदीप चौधरी,विकास सिंह,रामजी सिंह,अवधेश यादव,डॉ मनुजेश यादव,चंद्रशेखर सिंह,बच्चूलाल,चांद बाबू,अतुल कुमार पांडेय, धर्मराज,विजय सिंह, सुरेंद्र वर्मा, अभिषेक यादव,नरेंद्र बहादुर, आकाश जायसवाल, हेमलता,बेनजीर बेगम,कुमारी छाया,दीपशिखा,मोहिता उपाध्याय,दिव्या गोस्वामी,श्रुति शर्मा,किरण तिवारी, सुषमा शर्मा,रागिनी सिंह,अमिता शर्मा,नंदिता हरीश,अंजू वर्मा,महेंद्र अग्रवाल,सुदेश रानी जायसवाल,रेनू पांडेय, ममता तिवारी,कमल कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षक व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे ।अंत में कार्यक्रम की आयोजिका निवेदिता उपाध्याय ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय निकाली गई रैली

गोंडा। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय रैली प्राथमिक विद्यालय कटरा शाहबाजपुर के परिसर से निकाली गयी। रैली को जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह कलहँस और खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। रैली विभिन्न मजरों व मुख्य मार्ग से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। न्याय पंचायत कटरा शाहबाजपुर के समस्त विद्यालयों के बच्चों ने हाथ में बैनर, स्लोगन तखध्ती लेकर रैली में सम्मिलित होकर नामांकन व स्कूल भेजने के लिए प्रेरक स्लोगन बोले जा रहे थे। खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पाण्डेय ने बताया कि इस समय स्कूल चलो अभियान के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों को जाकरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बच्चा स्कूल में हो और सबको शिक्षा मिल सके। रैली के साथ रवि प्रताप सिंह धौरहरा,देवेंद्र कुमार सिंह, विपिन सिंह, मान सिंह, आसिफ इकबाल, शताक्षी पाण्डेय, बुशरा रहमान, सविता सिंह, निशा सिंह, अनुराधा सिंह, आनंद वर्मा, राकेश प्रताप सिंह, फरहान, राम नारायण पाण्डेय, भालेन्दु कुमार सिंह, शम्भु शरण आदि अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

# शरीर के भरण पोषण का व्यवस्थापक है जिगर: डा. उपेन्द्रमणि

## होम्योपैथी चिकित्सा सेवक डा उपेन्द्रमणि त्रिपाठी से लिवर सम्बन्धी रोग व उनसे बचाव पर वार्ता

अयोध्या । किसी तन्त्र की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए उसके व्यवस्थापक का कुशल होना बेहद जरूरी है । यह शरीर और समाज दोनों के लिए सत्य है , उक्त विषय को स्वास्थ्य से सम्बद्ध करते हुए संघ कार्यालय साकेत निलयम में जनकल्याण न्यास लखनऊ के तत्वाधान में प्रतिदन सायँ 5 बजे से 7 बजे तक निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं सेवा के लिए समर्पित वरिष्ठ होम्योपैथ डा उपेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कार्य के महत्व की दृष्टि से यकृत शरीर में रेसेप्सनिस्ट और मैनेजर दोनों की भूमिका अदा करता है, क्योंकि यह शरीर में बाहर से आने वाले सभी खाद्य अखाद्य पदार्थों तत्वों के पाचन, उनके अवशोषण, उचित अनुपात में विभाजन व यथास्थान संचयन, संप्रेषण, अथवा उत्सर्जन को सुनिश्चित करता है ।लिवर विटामिन ठ12 का संचयन व पित्त का निर्माण भी करता है। इसीलिए पोषक तत्व हों, औषधि हो या विष सभी सबसे पहले लिवर को प्रभावित करते हैं, अत्यधिक कार्य एवं उपयोगिता के कारण ही लिवर में प्राकृतिक पुनर्निर्माण की क्षमता भी अन्य अंगो से अधिक पायी जाती है। कह सकते हैं कि शरीर के भीतर भरण पोषण की जिम्मेदारी लिवर की ही होती है जिससे अन्य अंगतंत्र व्यवस्थित कार्य कर पाते हैं इसलिए यदि किन्ही कारणों से लिवर की सामान्य क्रिया बाधित होती है तो यह अनेक तंत्रो की कार्यक्षमता पर भी असर डालता है जिससे व्यक्ति शारीरिक मानसिक रूप से रोगग्रस्त हो जाता है। चिकित्सकीय दृष्टि से यकृत को प्रभावित कर सकने वाले प्रमुख कारकों में व्यक्ति का आनुवंशिक कारक, कोई वाह्य विषाक्तता य जीवाणु, विषाणु, परजीवी, संक्रमण, अथवा व्यक्ति की लंबी बीमारी व अत्यधिक दवाओं का अनावश्यक सेवन, अनियमित, असन्तुलित जीवन शैली, व तमाम मानसिक स्थितियां हैं जो लिवर को कई तरह से प्रभावित कर सकते हैं। पहचान के लिए लक्षणों के संकेत बताते हुए डा उपेंद्र मणि ने कहा पेट के ऊपरी, पसलियों के नीचे दाहिने भाग में दर्द , अपचऔर एसिडिटी, मिचली,या उल्टियां , भूख कम और वजन कम,कब्ज, या भोजन के तुरन्त बाद मलत्याग की हाजत, गहरे या, काले रंग का मल ,मूत्र गहरा पीला, त्वचा तथा आँखों का सफेद और पीला होना, त्वचा का सूखी, मोटी, छिलकेदार होना तथा उसपर खुजली वाले चकत्ते, या लिवर स्पॉट अर्थात हल्के रंग के धब्बे होना, पैरों, टखनों और त्वचा के नीचे दबने वाली सूजन, थकान ,चक्कर आना, मांसपेशियों की तथा दिमागी कमजोरी, याददाश्त कम होना तथा संभ्रम (कन्फ्यूजन)हो या पेट पर सूजन आदि में से कुछ लक्षण दिखें तो इसे कतई नजरअंदाज न करें बिना चिकित्सक की सलाह दवाई न लें। डा त्रिपाठी ने बताया कि पीलिया, लिवर में सूजन, हेपेटाइटिस,लिवर सिरोसिस, ट्यूमर, फोड़ा, आदि लिवर में होने वाले प्रमुख रोग हैं।

ब्लड एवं सेरोलॉजिकल टेस्ट, रेडियोलॉजिकल जाँच में एक्सरे, अल्ट्रा साउंड, पी टी सी, सी टी स्केन। लिवर बायप्सि आदि से प्राप्त रिपोर्ट एवं लक्षणों के मिलान के आधार पर बीमारी की पुष्टि एवं उपचार के लिये उचित पथ्य चयन में सहायता मिलती है। लिवर को रोगमुक्त रखने के लिए जरूरी सावधानियों के बारे में डा उपेन्द्र मणि ने कहा कि संतुलित आहार, नियमित जीवन शैली योग व्यायाम और होम्योपैथी अपनाकर अपने लिवर में सम्भावित रोगों से बचा जा सकता है या बेहतर इलाज से रोगमुक्त हो सकते हैं। भारतीय मनीषियों ने बताया है कि हमारी जीवनी शक्ति जैविक घड़ी के अनुसार अंगतंत्रो में अलग अलग समय में अधिक सक्रिय होती है , अतः दिनचर्या को प्रकृति के अनुरूप ही ढलने का प्रयास करें। रात्रि में 12 से 2 बजे तक यही जीवनी शक्ति शरीर में नवीन कोशिकाओं के निर्माण व रिजनेरेशन में अधिक सक्रिय होती है इसलिए समयानुसार कम से कम 6 घंटे की नींद अवश्य पूरी करें और अवश्य लें। जितना हो सके तनावमुक्त रहें क्योंकि इसका सीधा प्रभाव लिवर की कार्य क्षमता व पाचन प्रक्रिया पर होता है। खान पान में सावधानी सबसे महत्वपूर्ण है , पर्याप्त मात्रा में ताजे मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियां, या उनका जूस, मट्ठा, स्वच्छ या उबला हुआ पानी अवश्य लें। भूख लगने पर ही किन्तु भूख से थोडा कम भोजन करें। सुबह खाली पेट एक बड़ा गिलास गुनगुना नींबू पानी पिएं। खाना बनाने में चुटकी भर हल्दी का इस्तेमाल भी फायदेमंद है। रोज 6–7 लहसुन की कलियां लें यह लीवर को साफ करता है। शराब , सिगरेट, अत्यधिक वसीय , तैलीय , ट्रांस फैट, घी, तले हुए भोजन से बचने की कोशिश करें। इतना शारीरिक श्रम या दौड़ भाग, साइकलिंग, खेल या व्यायाम अवश्य करें कि पसीना निकले। इसके अतिरिक्त प्राणायाम, अर्धमत्स्येंद्रासन, मलासन, अधोमुख आसन को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। होम्योपैथी से उपचार के विषय में डा उपेन्द्र मणि त्रिपाठी का सुझाव है कि जहां प्रचलित आधुनिक चिकित्सा पद्धति में रोग की पहचान एवं पुष्टि प्रयोगशाला की जाँच पर आधारित और सीमित सम्भावनाओं वाली है, वहीं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में रोगों के उपचार में व्यक्ति को समग्र रूप से स्वस्थ करने की क्षमता है, इस क्षेत्र में होम्योपैथी सर्वोपरि है। इसमें व्यक्ति में रोग नही अपितु रोग में व्यक्ति का इलाज उसकी समलक्षणिक औषधि चयन के तरीके को अपना कर किया जाता है। इसलिए व्यक्ति दर व्यक्ति औषधियों में भिन्नता भी पायी जाती है जिसे वैयक्तिक या कांस्टिट्यूशनल औषधि चयन भी कहते हैं। यह स्वयं में बड़ी जटिल मनोवैज्ञानिक चिकित्सकीय प्रणाली है कहीं भी पढ़ सुन या देखकर नहीं प्रयोग करना जाना चाहिए, दवाये चिकित्सक के मार्गदर्शन में ही लें।

# कोटेदार के मनमानी से हलकान उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

गोंडा। विकास खंड हलधरमऊ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबटपुर निबासी राजू, शमीम, जुबेदा, सादाब, रुबीना, आजाद, रमजान सहित 13 लोगों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर प्रार्थना पत्र देकर तहसील में प्रदर्शन किया है। कार्ड धारकों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के कोटेदार मनमानी तरीके से खाद्यान का वितरण कर रहे है। अंगूठा लगवाकर कहते हैं कि आपका अंगूठा नही लग रहा है। सरकार ने प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान वितरण करने का निर्देश दे रखा है। मगर कोटेदार 5 किलो की जगह 3 किलोग्राम वितरण कर रहे हैं। विरोध करने पर गाली व जान से मारने की धमकी देकर भगा देते हैं। उपजिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। सम्बंधित पूर्ति निरीक्षक को जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## विधायक ने किया स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन

मवई(अयोध्या)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मवई सीएचसी पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया ।रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। हालांकि मेले को लेकर अव्यवस्था का आलम रहा। मेला को लेकर विभागीय अधिकारियों ने प्रचार प्रसार नही किया जिसकी वजह से ग्रामीणों की भीड़ मेले में नही जुट सकी ।वही कई विभागों की सहभागिता के कारण आपस में समन्वय न बनने से दिक्कतें आई। मवई सीएचसी पर आयोजित मेले का उद्घाटन रुदौली विधायक रामचंद्र यादव और सीएमओ अजय राजा ने फीता काटकर किया। विधायक द्वारा मेले में सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया गया ।शासन द्वारा प्रदान किए गए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स किट वितरण किया गया ।मेले में विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि अब गरीबो को इलाज कराने के लिए जेवरात और खेत गिरवी रखने की जरूरत नही है। भाजपा सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त कर दिया है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधान और मौजूद लोगों से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाए ।विधायक यादव ने कोविड काल के दौरान चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किये गए कार्यो को याद कराया ।इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी उदय भान यादव की अगुवाई में शिक्षा विभाग ने शानदार स्टाल लगाया जिसमे आधुनिक शिक्षा के उदाहरण प्रस्तुत किए गए ।कार्यक्रम में भाजपा नेता निर्मल शर्मा,वीरेंद्र शर्मा,सबीना खातून,सीएमओ अजय राजा,डिप्टी सीएमओ अजय मोहन,आयुष्मान मित्र जगजीवन यादव,डॉ0 फराज,बीसीपीएम विनोद सिंह,बीपीएम आशुतोष सिंह,राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

# बिजली सप्लाई न मिलने से किसानों की खेती किसानी चौपट

## ट्राली खराब होने से हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन की बिजली गुल

मिल्कीपुर–अयोध्या। हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन के फीडरों की ट्राली खराब होने की वजह से पिछले कई घंटों से बिजली सप्लाई ठप्प हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली मुहैया कराने का फरमान हवा–हवाई साबित हो रहा है ।हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन की स्थिति इतनी बदतर है कि यहां पर आये दिन दिन बिजली सप्लाई बाधित होती रहती है ।बिजली सप्लाई न मिलने से किसानों की खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं की रातें जागकर बीत रही हैं ।अवर अभियंता रवि सिंह ने बताया कि लखनऊ से टेक्नीशियन आ गए हैं। ट्राली मरम्मत का कार्य चल रहा है। ट्राली मरम्मत हो जाने के बाद आपूर्ति बहाल हो जायेगी। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन के सेवा क्षेत्र में अधिकांश रुप से बिजली सप्लाई बाधित रहती है। इस सबस्टेशन पर वर्तमान समय में चार फीडर चल रहे हैं। कोंछा, हरिनाथपुर, मोतीगंज और इण्डोडच। जिसमें हरिनाथपुर की स्थिति काफी दयनीय है। यहां प्रत्येक तीसरे दिन बिजली सप्लाई बाधित हो जाती है और कई घंटे के बाद पुनः बिजली सप्लाई सुचारू हो पाती है। हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन के फीडरों की ट्राली खराब होने से उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात हरिनाथपुर फीडर के उपभोक्ताओं ने जाग कर बिताया है।

ग्राम उरुवा वैश्य निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से लाइन खराब रहती है। जिससे खेती किसानी चौपट हो रही है। वहीं ग्राम आदिलपुर निवासी रामेन्द्र मिश्रा ने कहा कि बिजली न मिल पाने से सब्जी की फसल सूख जा रही है। जबकि घुरेहटा निवासी सुरेन्द्र कुमार का कहना है कि हैरिंग्टनगंज सब स्टेशन पर बराबर सप्लाई रहती है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से किसानों को सप्लाई नहीं मिल पाती है। कोंछा फीडर के नियामतपुर गांव के विपिन तिवारी ने कहा कि बीते कई दिनों से बिजली सप्लाई नहीं मिली और . .फिर बिजली सप्लाई ठप्प हो गई। उन्होंने बताया कि हर आये दिन बिजली में ब्रेकडाउन की समस्या से गुजरना पड़ता है। इस बारे में हैरिंग्टनगंज के जेई रवि सिंह ने बताया कि ट्राली बनाने के लिए लखनऊ से मैकेनिक आया है। मरम्मत कार्य चल रहा है। जब ट्राली ठीक हो जाएगी तो सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

# अनपढ़ होना है अभिशाप, अब ना रहेंगे अंगूठा छाप नारे के साथ

गोंडा। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के अंतर्गत लौव्वाबीरपुर गांव के रामसिंह पुरवा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर की गई। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि–बिना शिक्षा के मनुष्य उसी तरह से है जिस तरह बिना पूंछ के पशु और बिना पंख के पक्षी। शिक्षा मनुष्य को ज्ञान के साथ संस्कार और संस्कृति का बोध भी कराती है। इसलिए सभी धर्मों और समुदाय के लोगों के शिक्षित होने से ही एक स्वस्थ शिक्षित समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। खंड शिक्षा अधिकारी ने सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा के चलाई जा रही योजनाओं का बखान करते हुए लोगों से अपने बच्चों को स्कूल में भेजने की अपील भी की। इस दौरान न्याय पंचायत के विभिन्न परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने स्वागत गीत, स्वरस्वती वंदना सहित तमाम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए हरि झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान रैली को रवाना किया। रैली में बच्चों के द्वारा विभिन्न स्लोगन की तख्तियां लेकर और आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे । एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा। पढेंगे पढ़ायेंगे, उन्नत देश बनाएंगे। अनपढ़ होना है अभिशाप, अब न रहेंगे अंगूठा छाप।

# शिक्षक संघ ने आयोजित किया विदाई समारोह





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शिक्षक संघ मिठवल द्वारा जहां एक ओर स्थानांतरित खंड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी को भावभीनी विदाई दी गई, वही नवागत खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह का जोरदार तरीके से स्वागत भी किया गया।

गत् 19 अप्रैल की देर शाम तक आयोजित इस कार्यक्रम में मिठवल ब्लॉक संसाधन केंद्र से स्थानांतरित खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी को शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने नम आंखों से भावभीनी विदाई दी। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा और प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार कन्नौजिया एवं शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष अनुराग वर्मा के नेतृत्व में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षको के गोद में ही प्रलय और निर्माण पलते हैं, इसलिए राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिक्षकों के त्याग और समर्पण को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, देश के भावी कर्णधारो को सजाने संवारने एवं उन्हें योग्य नागरिक बनाने का कार्य शिक्षक समाज ही करता है, इसलिए आप सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से अवश्य करें, नवागत शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आप सम्मानित शिक्षको के समक्ष यदि कोई समस्या आती हैं तो उसका प्राथमिकता के आधार पर अवश्य निराकरण कराया जायेगा । स्थानांतरित खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस ब्लॉक में अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा दिए गए सम्मान और प्रेम को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता, यहां के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का कार्य एवं व्यवहार सकारात्मक एवं सराहनीय रहा है, इस दौरान शिक्षक– शिक्षिकाओं ने खंड शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया,और साथ में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार सिंह का भी स्वागत किया गया एवं उन्हें भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर शिव सागर चौबे,विजय बहादुर राय, अयोध्या प्रसाद, चंद्र कुमार यादव, किरन प्रभा पांडे, वरुणेंद्र राय, रामविलास चौधरी नवनीत पांडेय, मदन चंद्र, अभिषेक सिंह, रामकुमार सिंह, अब्दुल्लाह और समस्त बीआरसी स्टॉफ आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस कार्यक्रम






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर, प्र0मुख्य विकास अधिकारीधजिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपकृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिला कृषि अधिकारी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो को समय से खाद उपलब्ध हो जाये तथा ट्यूबेलध नलकूपो को संचालन समय से हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जो नलकूप विद्युत दोष के ककारण बन्द है उन्हें तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिलाधिकारी द्वारा किसानो की अन्य समस्याओ को सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु संबधित अध्किारियों को निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड, आर0के0नेहरा, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सभासद बोर्ड की तत्काल बैठक बुलाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सनौली के सभासदो



ने वरिष्ठ लिपिक संजय श्रीवास्तव को एक ज्ञापन देकर के हम सभी सभासद बोर्ड की बैठक तत्काल बुलाने एवं अन्य विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत करने के संबंध में मांग किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद विनोदवरुन, करम हुसेन, पप्पू खान, निजामुद्दीन खान, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रेम यादव, राधेश्याम यादव, राजकुमार नायक, वकील अहमद आदि सभासद उपस्थित रहे।

## 121 छात्र–छात्राओं को लगा कोविड टीका

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के कैलाशी देवी इण्टरमीडिएट कालेज बरहजपार (डड़वापार चौराहा) गोरखपुर में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कोविड टिका करण अभियान के तहत 15से 18 वर्ष के बच्चों का टिकाकरण हो रहा है। उसी क्रम में सीएचसी प्रभारी डा योगेन्द्र सिंह की देखरेख में एक टीम विद्यालय पर पहुची और



121 छात्र–छात्राओं को टीका लगाया। इस टीम में एनम सब्या, शोनू श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे। सरकार द्वारा जलाए जा रहे कोविड टीका करण अभियान को लेकर प्रवंधक अवनीश मिश्र ने भूरी भूरी प्रसंसा की।

## धर्म प्रकाश बने सुभासपा आईटी सेल के प्रदेशाध्यक्ष

बस्ती। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उत्तर प्रदेश आइटीसेल मोर्चा का धर्म प्रकाश चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने पत्र जारी कर कहा कि संगठन की मजबूती के लिए संघर्षरत कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है। बस्ती जनपद के सल्टौआ ब्लाक के पिछड़े क्षेत्र औड़जंगल के रहने वाले धर्म प्रकाश चौधरी की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय लोग काफी खुश हैं। राकेश चौधरी,ओम प्रकाश चौधरी,रामतीरथ ने बताया संगठन में एक बड़ी जिम्मेदारी देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र का महत्व व गरिमा बढ़ा दिया है।

# विधानसभा कार्यालय पर मनाई गई राष्ट्रीय अध्यक्ष की पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

बृजमनगंज/महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे मे उ.प्र.उधोग ब्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व.श्याम बिहारी मिश्रा की प्रथम पूण्यतिथि फरेंदा विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल' के नेतृत्व में कालेज रोड स्थित कार्यालय पर किया गया। जिसमें कस्बे के ब्यापारी बंधु, संगठन के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदम्बा जायसवाल द्वारा किया गया। सर्व प्रथम कस्बे के वरिष्ठ ब्यवसायी एवं ब्यापार मंडल संरक्षक रुपनरायन जायसवाल, रामकुमार कसौधन, भाजपा नेता राकेश जायसवाल द्वारा स्व.श्याम बिहारी मिश्रा के तस्वीर पर धूपबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी उसके उपरांत सभी व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने एक एक कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कुशल राजनीतिज्ञ थे वह चार बार लोकसभा लोकसभा सांसद रह चुके। भारतीय जनता पार्टी के



टिकट पर पहली बार सन 1991 में कानपुर क्षेत्र के बिल्हौर लोकसभा सीट से सांसदी का चुनाव जीता था। इसके बाद श्याम बिहारी मिश्रा ने लगातार 1996, 1998 और 1999 में चुनाव जीता था। राजनीति से दूरी बनाने के बाद वह भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष के पद थे।उन्हे व्यापारियों का पितामाह भी कहा जाता था। 20 अप्रैल 2021 मे कोरोना के कारण उनका निधन हो गया। वर्तमान में प्रदेश में चल रहे तमाम व्यापार मंडल, उनके व्यापार मंडल से टूट कर अगल हुए है। संगठन से ही हमारी पहचान बनती है, इसलिए संगठन हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। संगठन के प्रति हमारी निष्ठा और समर्पण किसी व्यक्ति के लिए नहीं, उससे जुड़े विचार के प्रति होनी चाहिए। संगठन के बिना मानव जीवन अधूरा है, अतः हर क्षेत्र में जहाँ भी रहें हम सभी ब्यापारी संगठित रहें। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश जायसवाल, मंत्री नीरज जायसवाल, उपाध्यक्ष देवेंद्र उर्फ राजू जायसवाल, मंत्री गौरव जायसवाल, उपाध्यक्ष संगम जायसवाल, उपाध्यक्ष श्याम प्रकाश जायसवाल, मीडिया सेल मधुर श्याम, सुरेश जायसवाल, संगठन मंत्री राजकुमार वर्मा, विनोद कुमार जायसवाल, मंत्री दिनेश जायसवाल, उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, राजाराम, रिंकू, दिलीप वर्मा, रामकुमार, हरिश्चंद्र जायसवाल, धीरज जायसवाल, उमेश भारती सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## जैसा खाएं अन्न वैसा होवे मनः पंडित स्वामी नाथ पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। मनुष्य जैसा अन्न खाता है। वैसा ही उसका मन होता है। भोजन सेही विचार बनते हैं। भोजन बोवे विचार काटे,



विचार बोवे चरित्र काटे चरित्र बोवे संस्कार काटे, संस्कार बोवे भविष्य काटे। उक्त बाते पाण्डेयपार उर्फ डड़वा के कुंता देवी प्रा वि में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दुसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे पंडित स्वामी नाथ पाण्डेय ने कही। आगे उन्होंने कहा कि दुर्योधन दुषित भोजन करता था। इसलिए उसका दिमाग दुसित हो गया था। और वह अपने स्वजनों से भी गलत ब्यवहार करता था। दुर्योधन के मृत्यु को लेकर भगवान ने उसे बताया था। कि तुम्हारी मृत्यु दो कारण से हो सकती है। एक तो अगाध खुशी या अगाध दुःख। भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए पंडित जी ने आगे कहा कि महाभारत का युद्ध चल रहा था। कौरव सेना के बहुसंख्यक बीर गो लोकवाशी हो चुके थे। दुर्योधन घायल अवस्था में कुरुक्षेत्र में पड़ा था। अश्वत्थामा जब उससे मीलने आते है। तो कहता है कि मित्र तुम पांचों पांडवों का सर काट कर लाकर मुझे दो। अश्वत्थामा पांडवों के शिविर में जाते है। और वहां पांचाली के पांच पुत्र सोए हुए थे। उनका सर काट लाते है। और दुर्योधन को दे देते है। जब दुर्योधन एक खोपड़ी उठा कर दबाता है। तो पच्च से कर के खोपड़ी फुट जाती है। इस पर दुर्योधन को अगाध दुःख होता है। और उसका प्राणांत हो जात है। अंत में मुख्य यजमान सपत्नीक कौशल कुमार दूबे और निर्मला दूबे समस्त आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। यहां पर अरुण कुमार दूबे, कृष्ण कुमार दूबे, अनिरुद्ध कुमार दूबे, रामदरश मिश्रा, गनेश यादव, रत्नेश दूबे, रविप्रताप दूबे, मातिबर, महेन्द्र यादव, रामसिंह यादव, जितनरायन यादव सहित सैकड़ों श्रोताओं ने कथा का रसपान कीया।

# सम्पादकीय

**इसके अलावा इनके पूज्य पिता मोहम्मद शरीफ मुझे बताया करते थे कि विभाजन के बाद वे कई वर्षों तक रोज सुबह अपने गांव जाति उमरा, जो कि अमृतसर में है, जाते थे और बस में भरकर उसके मजदूरों को ले आते थे। जैसा कि आसिफ जरदारी ने कहा था, हर पाकिस्तानी की तरह, उनके दिल में भी एक हिंदुस्तान धड़कता था। ...**

## भारत-पाक: बेहतर मौका है



पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो जवाबी खत लिखा है, उसे देखकर मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच पिछले तीन साल में जो संवादहीनता पनप गई थी, अब शायद वह टूट जाए। मोदी ने शाहबाज को बधाई का जो पत्र लिखा था, उसमें यही इच्छा व्यक्त की थी कि दोनों देशों के बीच ऐसे संबंध रहने चाहिए, जिनसे दक्षिण एशिया के क्षेत्र में शांति और स्थायित्व का वातावरण बने। शाहबाज ने एक कदम आगे बढ़कर कहा है कि दोनों देशों को मिलकर गरीबी और बेकारी के खिलाफ युद्ध लडना चाहिए। दोनों प्रधानमंत्रियों ने एक–दूसरे को बहुत ही सराहनीय बातें कही हैं लेकिन दोनों की मजबूरियां हैं। उन्हें वे व्यक्त न करें तो दोनों देशों में उनके विरोधी उनकी जान खा जाएंगे। इसीलिए शाहबाज अपने खत में कश्मीर का मुद्दा उठाए बिना नहीं रहे और नरेंद्र मोदी आतंकवाद का! इन मुद्दों ने ही भारत–पाक संबंधों में खटास पैदा कर रखी है। इमरान खान जब सत्तारुढ़ हुए थे तो उन्होंने कहा था कि भारत–पाक संबंध सुधारने के लिए यदि भारत एक कदम आगे बढ़ाएगा तो हम दो कदम आगे बढ़ाएंगे लेकिन 2019 में पुलवामा में पाकिस्तान के हवाई हमले और भारत के बालाकोट में जवाबी हमले ने जो तनाव पैदा किया था, उसे खतरे के निशान तक पहुंचाने में कश्मीर से धारा 370 की बिदाई ने सख्त भूमिका अदा की। दोनों देशों का आपसी व्यापार ठप्प हो गया और दोनों के राजदूतावासों में आजकल उच्चायुक्त भी नहीं हैं। ऐसा लगता है कि इमरान सरकार ने 2019 में कूटनीति का मार्ग छोड़कर अपनी सेना को खुश रखने का मार्ग ज्यादा पसंद किया लेकिन शाहबाज शरीफ के नेतृत्व में बनी यह नई सरकार चाहे तो वह काम कर सकती है, जो आज तक पाकिस्तान की कोई भी सरकार नहीं कर सकी है। इस नई सरकार को सेना का भी पूरा समर्थन प्रतीत होता है। यह तो मैं पहले ही लिख चुका हूं कि जब–जब शरीफ बंधुओं से मेरी मुलाकात हुई, शाहबाज को हमेशा मैंने ज्यादा नरम और विनम्र पाया। इसके अलावा इनके पूज्य पिता मोहम्मद शरीफ मुझे बताया करते थे कि विभाजन के बाद वे कई वर्षों तक रोज सुबह अपने गांव जाति उमरा, जो कि अमृतसर में है, जाते थे और बस में भरकर उसके मजदूरों को ले आते थे। जैसा कि आसिफ जरदारी ने कहा था, हर पाकिस्तानी की तरह, उनके दिल में भी एक हिंदुस्तान धड़कता था। जब नरेंद्र मोदी पहली बार शपथ ले रहे थे तो प्रधानमंत्री मियां नवाज ने दो–तीन दिन कोई जवाब नहीं दिया तब मैंने उनके वरिष्ठ साथी सरताज अजीज को बताया कि सभी पड़ौसी देशों के प्रधानमंत्रियों को बुलाने की पेशकश मेरी ही है। उन्हें आना ही चाहिए। वे दोनों आए भी। 2014 में इस्लामाबाद में जब मियां नवाज से मेरी लंबी भेंट हुई तो वे यही जानना चाहते थे कि हमारे नए प्रधानमंत्री के साथ बेहतर संबंध बनाने के लिए क्या–क्या पहल की जाए। लेकिन अब मौका पहले से भी बढिया है, जबकि दोनों देशों के संबंधों में नई शुरुआत हो सकती है।

## डॉलर की विडंबना

डॉलर की यह विश्व मुद्रा के रूप में भूमिका अचानक खत्म हुई, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए उसका बेहद हानिकारक असर होगा। दरअसल, इसका प्रभाव लगभग पूरी दुनिया पर होगा। इसके बावजूद हालात ऐसे हैं कि डॉलर का वर्चस्व खत्म होने की चर्चा खुल कर हो रही है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी मुद्रा डॉलर का मूल्य चढ़ रहा है। इसके बावजूद कारोबार जगत में ये धारणा आम है कि यूक्रेन पर हमले के बाद रूस के धन को पश्चिमी देशों ने जिस तरह जब्त किया, उससे अमेरिकी मुद्रा डॉलर की साख को गहरा नुकसान पहुंचा है। गौरतलब है कि अभी पांच साल पहले तक इक्के–दुक्के लोग ही यह कहते थे कि वित्तीय जगत में डॉलर का वर्चस्व घट रहा है। लेकिन अब गोल्डमैन सैक्श और क्रेडिट सुइसे जैसी एजेंसियों की रिपोर्ट में भी ये बात कही जाने लगी है। कुछ अमेरिकी अर्थशास्त्री अब इस पर चर्चा करने लगे हैं कि डॉलर का दबदबा खत्म होने का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा। पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि अभी डॉलर के वर्चस्व में परोक्ष रूप से क्षय हो रहा है। लेकिन यह उस स्थिति की पृष्ठभूमि है, जब ऐसा अधिक खुले रूप में होने लगेगा। साफ है कि डॉलर के बिना कारोबार चलाने की मुहिम का नेतृत्व फिलहाल रूस कर रहा है। इसकी तैयारी उसने कई वर्ष पहले शुरू की थी। लेकिन 2021 में इसमें काफी तेजी लाई गई।

जनवरी 2021 की तुलना में इस साल जनवरी तक वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर का हिस्सा 21 प्रतिशत घटा चुका था। इसी अवधि में वह अपने भंडार में चीनी मुद्रा मुद्रा युवान का हिस्सा 13 से बढ़ा कर 17 प्रतिशत तक ले गया। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि दुनिया में निर्यात के हिसाब से अमेरिका की ताकत पहले ही काफी घट चुकी है। अब इसमें उसका हिस्सा सिर्फ आठ प्रतिशत बचा है। जबकि चीन का हिस्सा 15 फीसदी हो गया है। अमेरिकी सरकार पर कर्ज के बढ़ते बोझ और वहां मुद्रास्फीति की ऊंची दर ने भी चिंताएं बढ़ाई हैं। तो अब यह चेतावनी दी जा रही है कि अब डॉलर में अपना धन ना रखने का चलन तेज गति से आगे बढ़ सकता है। ये सच है कि दुनिया उस मुकाम पर है, जहां विभिन्न देशों का काम बिना डॉलर रखे चल सकता है। भारत और रूस के बीच रुपया–रुबल में कारोबार की फिर हो रही शुरुआत इस बात की मिसाल है। बहरहाल, यह तय है कि डॉलर की यह विश्व मुद्रा के रूप में भूमिका अचानक खत्म हुई, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए उसका बेहद हानिकारक असर होगा।

## सड़ी-गली मानसिकता में जीता देश

**यह कल्पना करना ही रोंगटे खड़े कर देता है कि उस 10वीं कक्षा के लड़के को किस मानसिक यंत्रणा से गुजरना पड़ा होगा और अब उसके मन में किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। कैसे अपने आत्मसम्मान को कुचले जाने की पीड़ा उसने बर्दाश्त की होगी। धर्म पर, अंबेडकर पर, संविधान पर और सबसे बढ़कर इंसानियत पर यकीन रखने वाले जब तक इस तरह के अत्याचार के खिलाफ दलितों के साथ खड़े ...**


उत्तर प्रदेश के रायबरेली से एक दिल दहलाने वाला वीडियो सामने आया है। एक दलित किशोर को कुछ सवर्ण युवकों ने पीटा और अपने पैर चाटने मजबूर किया। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना 10 अप्रैल की है, 10 वीं कक्षा में पढ़ने वाला दलित किशोर अपनी मां की मजदूरी के पैसे आरोपी युवकों से मांग रहा था। पीड़ित की मां उन आरोपियों में एक के घर मजदूरी करती थीं। अपनी मां के मेहनत के पैसे मांगने पर उन युवकों ने उस किशोर के साथ इतना क्रूर और अपमानजनक व्यवहार किया। इस घटना के वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह किशोर हाथ जोड़े खड़ा है और एक युवक उसे बेल्ट जैसी किसी चीज से पिटता है। वीडियो में आगे दिखता है कि पीड़ित जमीन पर दोनों हाथों से कान पकड़े हुए बैठा है। आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ दिखता है। आसपास खड़े दूसरे लोग हँस रहे होते हैं। पीड़ित जमीन पर डर के मारे कांप रहा होता है। और फिर मोटरसाइकिल पर बैठा आरोपी पीड़ित को पैर चाटने के लिए मजबूर करता है। पुलिस ने फिलहाल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन समाज की दलित विरोधी यह मानसिकता किसी कानून को नहीं मानती है, यह साफ नजर आ रहा है। पता नहीं हम किस किस्म के देश में रह रहे हैं जहां सदियों पुरानी सड़ी–गली मान्यताओं को गले के हार की तरह पहन कर ही लोग खुश हो रहे हैं। सोशल मीडिया के कारण इस घटना का वीडियो समाज के सामने आ गया, वर्ना इससे भी भयावह अत्याचार इस देश के दलित रोजाना सहन करते हैं और सरकार केवल दलितों के उत्थान की योजनाएं बनाकर या बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माला चढ़ाकर ही अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। जिस उत्तरप्रदेश में दलित किशोर के साथ यह अमानवीय सलूक किया गया है, उसी राज्य में दोबारा बहुमत के साथ जीत हासिल करने वाली भाजपा अब 2024 के आम चुनावों में बसपा के सारे दलित वोटबैंक को अपने पाले में करने की तैयारी कर रही है। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निर्देश पर कई जिलों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित हुए, 6 अप्रैल यानी भाजपा के स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल तक सामाजिक समरसता सप्ताह मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद ने भी दलितों या पिछड़ों की जगह सभी को हिंदू कहलाने की रणनीति पर काम शुरु कर दिया है, ताकि दलितों को दूसरी पार्टियों में जाने से रोका जा सके। इससे पहले चुनावों के वक्त भी भाषणों में दलित उत्थान की बड़ी–बड़ी बातें करना, दलितों के घर जाकर भोजन ग्रहण करना, ये सारे तमाशे भाजपा ने खूब किए हैं। ऐसी घटनाएं इन तमाशों की पोल खोल देती हैं।वैसे भी आंकड़े बताते हैं कि देश में दलितों के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बसपा सांसद हाजी फजलुर्रमान के सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने इस सत्र में संसद में बताया था कि साल 2018 से 2020 यानी तीन वर्षों में दलितों के खिलाफ अपराध के 1,39,045 मामले दर्ज किए गए हैं। इन तीन सालों में उत्तरप्रदेश में 36,467, बिहार 20,973, राजस्थान 18,418 और मध्य प्रदेश में 16,952 दलितों पर जुल्म हुए हैं। इन आंकड़ों में 2021 का ब्योरा नहीं है। लेकिन उत्तरप्रदेश समेत देश के अलग–अलग हिस्सों से जिस तरह की घटनाएं आए दिन देखने–पढ़ने मिलती हैं, उनसे यही अनुमान लगाया जा सकता है कि दलितों पर जुल्म के आंकड़े पहले की तुलना में बढ़ ही गए होंगे। गनीमत है कि अब कुछ दलितों ने इतनी हिम्मत दिखानी शुरु की है कि वे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और न्याय के लिए मामले दर्ज करवा रहे हैं। इसलिए आंकड़े देखने भी मिल रहे हैं, वर्ना ये साहस न दिखाया जाए तो सवर्णों का जाति का यह घमंड और बढ़ता रहेगा। कांशीरामजी ने दलितों को राजनीति की मुख्यधारा में शामिल होकर समानता और न्याय का हक पाने के लिए एक राह दिखाई थी। अफसोस इस बात का है कि दलित राजनीति के पेरौकार आज सवर्ण मानसिकता वाले दलों के साथ जुड़कर अपने लिए सत्ता में स्थान तलाश रहे हैं, जबकि दलित समाज आज भी उन्हीं अत्याचार का शिकार हो रहा है जो पिछली सदी में हुआ करता था। कभी किसी दलित को मूंछ रखने के शौक के लिए मार दिया जाता है, कभी किसी दलित को घोड़ी पर बैठने की सजा दी जाती है। दलित बच्चों को मध्याह्न भोजन में कई बार भेदभाव का सामना करना पड़ता है और दलित औरतों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ सवर्ण दबंगों का शगल बना हुआ है। कभी कोई बड़ी घटना होती है तो उस पर राजनैतिक दल अपने–अपने प्रचार का हिस्सा लेने पहुंच जाते हैं। मुमकिन है रायबरेली की इस घटना के बाद भी उस किशोर के पास कुछ राजनैतिक दलों के नेता सहानुभूति दिखाने पहुंच जाए, उसके साथ तस्वीरें खिंचवाकर दलित वोटबैंक पर अपनी पकड़ मजबूत करें। चुनावों का वक्त होता तो अब तक इस किशोर की मां या उसके किसी परिजन का किसी पार्टी में प्रवेश भी हो चुका होता। लेकिन इन पैंतरेबाजी से दलितों की वास्तविकता नहीं बदल सकती। यह कल्पना करना ही रोंगटे खड़े कर देता है कि उस 10वीं कक्षा के लड़के को किस मानसिक यंत्रणा से गुजरना पड़ा होगा और अब उसके मन में किस तरह के ख्याल आ रहे होंगे। कैसे अपने आत्मसम्मान को कुचले जाने की पीड़ा उसने बर्दाश्त की होगी। धर्म पर, अंबेडकर पर, संविधान पर और सबसे बढ़कर इंसानियत पर यकीन रखने वाले जब तक इस तरह के अत्याचार के खिलाफ दलितों के साथ खड़े नहीं होंगे, और दलित उत्थान के राजनैतिक खेल को नकार कर बराबरी की मांग नहीं करेंगे, तब तक दलित इसी तरह पीड़ित और शोषित होते रहेंगे।

## प्रशांत किशोर का तिनका और कांग्रेस

**ध्यान रहे अब तक के अपने राजनीतिक अभियान में वे सिर्फ एक बार उत्तर प्रदेश में विफल हुए हैं। उसके अलावा वे हर चुनाव में सफल रहे हैं। उनके इस रिकॉर्ड और इस छवि का लाभ भी कांग्रेस को मिलेगा। उसके कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा और पार्टी से उम्मीद खो चुके नेता भी अलग होने से पहले दस बार सोचेंगे। उनसे मुकाबले के लिए भाजपा को भी अपनी रणनीति बदलनी होगी। सो, उनसे ...**

अजीत द्विवेदी

जैसे डूबते को तिनके का सहारा होता है वैसे ही कांग्रेस को प्रशांत किशोर का सहारा है। प्रशांत किशोर के पास भी 2024 का चुनाव प्रभावी तरीके से लडने के लिए फिलहाल कोई विकल्प नहीं है, लेकिन वे कांग्रेस की तरह बेसहारा नहीं हैं। हालांकि यह भी सही है कि उनका पिछला प्रयास जब विफल हुआ था तो वे कांग्रेस की दर से ऐसे उठे थे, जैसे इस देश की मिट्टी से कांग्रेस के जैसा ही वे एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर देंगे! लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कांग्रेस भी उस समय मान रही थी कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसे दो–तीन राज्यों में जीत मिलेगी, लेकिन उसकी भी वह उम्मीद पूरी नहीं हुई। उसे पता है अगले लोकसभा चुनाव से पहले कम से कम दो–तीन राज्यों में उसे विधानसभा चुनाव जीतना होगा तभी वह लोकसभा का चुनाव लड़ पाएगी अन्यथा चुनाव से पहले ही उसकी लड़ाई खत्म मान ली जाएगी। इसलिए उसके पास प्रशांत किशोर का विकल्प आजमाने के सिवा अभी कोई रास्ता नहीं है। दूसरी ओर प्रशांत किशोर का ममता बनर्जी से मोहभंग हो गया है और शरद पवार व नीतीश कुमार में उनको वह स्पार्क नहीं दिख रहा है, जिसके दम पर नरेंद्र मोदी के मुकाबले लोकसभा का चुनाव लड़ा जा सके। वैसे भी प्रशांत किशोर हमेशा कहते रहे हैं कि कांग्रेस जिस आइडिया और स्पेस का प्रतिनिधित्व कर रही है उसको विपक्ष की जरूरत है। सो, ऐसा लग रहा है कि 2024 के लिए वह आइडिया और स्पेस उनको मिलने जा रहा है। परंतु सवाल है कि क्या कांग्रेस में उनको वह मौका मिलेगा, जिसकी उम्मीद में वे कांग्रेस से जुडने या उसके साथ काम करने जा रहे हैं? प्रशांत किशोर अब तक ऐसी पार्टियों के लिए काम करते रहे हैं, जहां सिंगल कमांड चलती है। उन्हें दस जगह पंचायत करने की जरूरत कभी नहीं पड़ी है, जबकि कांग्रेस में उनकी शुरुआत ही पंचायत से हुई है। प्रशांत किशोर ने नेहरू–गांधी परिवार के तीनों सदस्यों– सोनिया, राहुल व प्रियंका के साथ साथ सात और बड़े नेताओं के सामने अपना प्रेजेंटेशन दिया। इसमें उन्होंने बताया कि कांग्रेस को चार सौ से कम सीटों पर लडना चाहिए और बाकी सीटों पर रणनीतिक तालमेल करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कई रणनीतिक बातें भी समझाईं। इसके बावजूद तय हुआ कि सोनिया गांधी एक कमेटी बनाएंगी, जो सात दिन में बताएगी कि प्रशांत किशोर का प्रेजेंटेशन कैसा है और वह कांग्रेस के लिए फायदेमंद है या नहीं। सोचें, यह क्या बात हुई? उनके प्रेजेंटेशन में कोई रॉकेट साइंस नहीं था, जो वहां बैठे 10 नेताओं को समझ में नहीं आया। सब कुछ समझते हुए भी कांग्रेस आलाकमान ने फैसला एक हफ्ते के लिए टाल दिया। यह हर मामले में होगा। प्रशांत कोई प्रस्ताव देंगे और कांग्रेस कमेटी बनाएगी, कमेटी कई दिन तक उस प्रस्ताव पर बैठी रहेगी और फिर कुछ नेताओं के निजी हितों को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट दी जाएगी। ऐसी स्थिति में प्रशांत किशोर का सफल होना संदिग्ध है। कांग्रेस अगर उन्हें खुली छूट दे तभी वे कोई सकारात्मक नतीजा दे सकते हैं। दूसरा सवाल है कि क्या प्रशांत किशोर कांग्रेस की किस्मत बदल पाएंगे? यह सवाल इसलिए अहम है क्योंकि कांग्रेस पिछले कुछ समय से लगातार चुनाव हार रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद से कांग्रेस एक भी चुनाव नहीं जीत पाई है। लोकसभा चुनाव के बाद पिछले तीन साल में 17 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं और किसी भी राज्य में कांग्रेस अपने दम पर चुनाव नहीं जीत सकी है। तमिलनाडु और झारखंड में उसकी सीटों में कुछ इजाफा हुआ लेकिन वह सहयोगी पार्टियों के दम पर हुआ। महाराष्ट्र में भी वह सरकार में है लेकिन वह चुनाव बाद बनी परिस्थितियों के कारण हुआ। इसके अलावा ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस न सिर्फ हारी है, बल्कि उसका वोट प्रतिशत भी कम हुआ है। सोचें, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में, जहां प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूरी ताकत लगाई वहां कांग्रेस को ढाई फीसदी से भी कम वोट मिले हैं। उत्तर प्रदेश का नतीजा कांग्रेस की बदहाली का सबसे बड़ा सबूत है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य नहीं है, जहां कांग्रेस का वोट पांच प्रतिशत से कम रहा। पिछले तीन साल में जिन 17 राज्यों में चुनाव हुए हैं उनमें से पांच राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस का वोट पांच फीसदी से भी कम है। इसके अलावा पांच अन्य राज्यों में उसका वोट प्रतिशत 20 से कम है। सिर्फ सात ऐसे राज्य हैं, जहां उसे 25 से 30 फीसदी वोट मिले हैं। कांग्रेस की दुर्दशा बताने वाला एक तथ्य यह है कि इन 17 में से 12 राज्यों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत कम हुआ। झारखंड में जेएमएम के दम पर और बिहार में राजद के दम पर उसका वोट शेयर बढ़ा। सिर्फ तीन राज्य– हरियाणा, केरल और उत्तराखंड ही ऐसे हैं, जहां कांग्रेस का अपने दम पर वोट शेयर बढ़ा लेकिन वह चुनाव जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। ये आंकड़े इसलिए अहम हैं क्योंकि एक पंजाब छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में कांग्रेस विपक्षी पार्टी के तौर पर लड़ रही थी। इसके बावजूद एंटी इन्कम्बैंसी का उसे कोई फायदा नहीं मिला। कई राज्यों में मतदाताओं ने उसे मुख्य विपक्ष के लायक पार्टी नहीं माना। इसलिए कांग्रेस के नेता भले बताते रहें कि कांग्रेस के पास अब भी सात सौ से ज्यादा विधायक हैं लेकिन उनको जमीनी हकीकत की जानकारी है। प्रशांत किशोर को कांग्रेस की इस दुर्दशा का अंदाजा है। उनको पता है कि कांग्रेस के पास वोट की कोई बड़ी पूंजी नहीं है। लोकसभा चुनाव में मिले जिस 11–12 करोड़ वोट का हवाला कांग्रेस देती है उसमें से ज्यादातर वोट अल्पसंख्यकों का है और उनको भी अगर कोई विकल्प मिलता है तो उन्हें कांग्रेस को छोडने में समय नहीं लगेगा। इसके बावजूद अगर प्रशांत किशोर जोखिम ले रहे हैं तो उसका कारण यह है कि वे विपक्ष की एकजुटता के लिए कांग्रेस के आइडिया और उसके स्पेस को जरूरी मानते हैं। इसके अलावा उम्मीद की एक किरण यह है कि इस साल गुजरात और हिमाचल में होने वाले विधानसभा चुनाव से लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव तक दो राज्यों– राजस्थान और छत्तीसगढ़ को छोड़ कर लगभग हर जगह भाजपा सरकार में है। यानी वे ऐसी रणनीति बना सकते हैं, जिससे एंटी इन्कम्बैंसी का लाभ कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को मिले। गुजरात में तो कांग्रेस लगातार छह चुनाव हार चुकी है। तीसरी अहम बात यह है कि वे भाजपा की हर रणनीति और उसकी ताकत व कमजोरी से वाकिफ हैं। बहरहाल, अगर सोनिया गांधी की बनाई कमेटी एक हफ्ते विचार करने के बाद सिफारिश करती है तो प्रशांत किशोर कांग्रेस में शामिल होंगे और उसे 2024 का चुनाव लड़वाएंगे। ध्यान रहे अब तक के अपने राजनीतिक अभियान में वे सिर्फ एक बार उत्तर प्रदेश में विफल हुए हैं। उसके अलावा वे हर चुनाव में सफल रहे हैं। उनके इस रिकॉर्ड और इस छवि का लाभ भी कांग्रेस को मिलेगा। उसके कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा और पार्टी से उम्मीद खो चुके नेता भी अलग होने से पहले दस बार सोचेंगे। उनसे मुकाबले के लिए भाजपा को भी अपनी रणनीति बदलनी होगी। सो, उनसे भाजपा को वास्तविक चुनौती मिलने की उम्मीद की जा सकती है।



## दो डाक्टरों ने किया छह शवों का पोस्टमार्टम, हर चेहरे पर दिखा गम

देवरिया। गौरीबाजार क्षेत्र के इंदूपुर गांव के पास सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सभी छह व्यक्तियों के शवों को भोर में मर्च्युरी से पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। सुबह दो डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुट गए। स्वजन की चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। कुशीनगर जिले के कसया थानाक्षेत्र के कोहड़ा गांव से लोग रात रुद्रपुर के रैश्री गांव में तिलक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। कार्यक्रम के बाद रात करीब दस बजे बोलेरो से वापस जा रहे थे। तभी गौरीबाजार–रुद्रपुर मार्ग पर इंदूपुर गांव के पास गौरीबाजार से आ रही निजी बस से भिड़ंत हो गई, जिसमें कुशीनगर जनपद के कसया क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी बोलेरो में सवार 55 वर्षीय राम प्रकाश सिंह पुत्र अयोध्या सिंह, 42 वर्षीय वशिष्ठ पुत्र फौजदार, 60 वर्षीय रामसुभग गुप्ता पुत्र जद्दू गुप्ता व 45 वर्षीय उमा पांडेय पुत्र सत्यनरायाण पांडेय, कसया थाना क्षेत्र के ही साड़ी गांव निवासी 18 वर्षीय अंकुर पांडेय पुत्र देवदत्त पांडेय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि बस में सवार रुद्रपुर के खजुहा चौराहा निवासी 32 वर्षीय रामानंद मौर्य पुत्र बुद्धू प्रसाद ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रात में ही पंचनामा तैयार कर लिया गया। डा. अजय गुप्ता व डा.राजीव कुमार झा के पैनल ने सभी छह शवों का पोस्टमार्टम किया। सुबह सात बजे से 10.45 बजे तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चली। पोस्टमार्टम हाउस पर कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक, सीओ श्रीयश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। विधायक ने स्वजन को ढांढस बंधाया।

## घायलों का चल रहा इलाज

देवरियारू निजी बस व बोलेरो में भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए, जिसमें बोलेरो सवार कुशीनगर जनपद के कसया क्षेत्र के कोहड़ा गांव के 55 वर्षीय जोखन पुत्र सत्यनारायण, 60 वर्षीय कमला सिंह पुत्र हरिवंश सिंह व 12 वर्षीय बालक हरिओम पुत्र अश्वनी, कुशीनगर के कसया क्षेत्र के अहिरौली डुमरभार निवासी 13 वर्षीय बालक गौरव पुत्र राजेश चौबे घायल हो गए। इनका इलाज जिला अस्पताल में चला। गंभीर रूप से घायल जोखन पुत्र सत्यनारायण का इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा है। जबकि रोडवेज बस में सवार रुद्रपुर के नाथनगर के रामसूरत को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## सादगी से होगा वैवाहिक कार्यक्रम

रुद्रपुर में हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मृत्यु के बाद दोनों पक्षों ने सादगी से वैवाहिक कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया है। कोतवाली क्षेत्र के रैश्री गांव से सोमनाथ दूबे की बरात निर्धारित तिथि 22 अप्रैल को कुशीनगर के कसया क्षेत्र के कोहड़ा गांव जाएगी। स्वजन के अनुसार शादी समारोह सादगी से होगा। घटना के बाद से रैश्री गांव में पलभर में तिलक समारोह का उल्लास मातम में बदल गया। रिश्तेदार निर्भय त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों ने आम सहमति से वैवाहिक कार्यक्रम सादगी से आयोजित करने का निर्णय लिया है।

## एएनएम ने सीएमओ को सौंपा शिकायती पत्र

महराजगंज। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर एएनएम द्वारा आत्महत्या की धमकी देने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एएनएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। हरियाणा की रहने वाली पीड़िता परतावल क्षेत्र के एक स्वास्थ्य उपकेंद्र पर संविदा एएनएम के पद पर तैनात है। बीते शनिवार की रात एएनएम ने सुसाइड नोट में विभागीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पर छेड़छाड़ और मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने की बात लिखी हुई थी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीएमओ डा. एके श्रीवास्तव ने कहा कि एएनएम द्वारा उन्हें कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

## 4548 को लगा टीका, 1322 की हुई जांच

महराजगंज। कोरोना से बचाव के लिए टीका और जांच के लिए केंद्रों पर लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान 4548 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया और 1322 लोगों की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 15 स्कूलों पर टीकाकरण व जांच का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डा.आइए अंसारी ने बताया कि 16 जनवरी 2021 से अब तक जिले में कुल 20.94 लाख लोगों को कोविड टीके का प्रथम डोज लगाया जा चुका है। इनमें 12312 स्वास्थ्यकर्मी, 12641 फ्रंट लाइन वर्कर्स, 12 से 14 वर्ष के 13911, 15 से 17 वर्ष के 1,52,849, 18 से 45 वर्ष के 13.13 लाख, 45 से 60 वर्ष के 3.61 लाख, 60 वर्ष से अधिक के 2.27 लाख है। 12 से 14 वर्ष के करीब 1.13 लाख बच्चों को कोविड का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष करीब 14 हजार बच्चों को पहले डोज टीका लगाया जा चुका है। स्कूलों में टीकाकरण अभियान बुधवार, शनिवार तथा रविवार को छोड़ कर 29 अप्रैल तक चलेगा। डा.अंसारी ने बताया कि एंटीजन से 721 लोगों की जांच की गई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए 601 लोगों का नमूना भेजा गया है।

## गेहूं तौल नहीं होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ी

महराजगंज। पनियरा क्रय केंद्र पर किसान दीपक कुमार मद्धेशिया ने बताया कि इस चिलचिलाती धूप में गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं तौल कराने के लिए जानकारी ली जाती है, तो जिम्मेदार अधिकारी बताते हैं कि बोरा अभी उपलब्ध नहीं है। जल्द बोरा उपलब्ध होते ही गेहूं की तौल होने लगेगी। बाल केश विश्वकर्मा ने बताया कि खेत से गेहूं की फसल की कटाई हो चुकी है। तौल कराने के लिए गेहूं क्रय केंद्रों का चक्कर काटना पड़ रहा है। बोरा के अभाव में तौल नहीं हो पा रहा है। अमित कुमार बताया कि पांच क्विटल गेहूं बेचना हैं। गेहूं क्रय केंद्र पर बोरा न होने के कारण हम सभी किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में गेहूं रखने की जगह ना होने के कारण और भी दिक्कत आ रही है। धर्मेंद्र ने बताया कि जल्द बोरा उपलब्ध नहीं हुआ तो हम सभी को परेशानियों का सामना करना पढ़ सकता है। सिसवनिया बुजुर्ग निवासी शेषनयन यादव ने कहा कि केंद्र पर दुर्ध्यवस्था का आलम है। गोपलापुर दुबे निवासी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि 10 अप्रैल से ही गेंहू की तौल कराने के लिए आनलाइन आवेदन करा कर केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन बोरा के अभाव में तौल नहीं हो पा रहा है। डगरुपुर संवाददाता के अनुसार साधन सहकारी समिति देवघट्टी द्वारा गेहूं की खरीद नहीं होने के कारण यहां के किसान अपना अनाज बाहर के आढ़ती को बेचने के लिए मजबूर हैं। अशोक कुमार ने बताया कि खरीद न होने के कारण फसल को मात्र 1800 रुपये क्विटल के रेट से बेचना पड़ रहा है। सुशील कुमार बताया किया ने क्रय केंद्र चालू न होने के कारण किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। दिलीप कुमार ने कहा कि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। हफीज शेख ने कहा कि गेहूं बेचने के लिए किसानों को दिक्कत बढ़ गई है।

# सगे भाइयों ने जालसाजी कर नदी की भूमि करा ली थी अपने नाम, मुकदमा दर्ज

देवरिया। छोटी गंडक नदी व खरोह (नदी की धारा) की भूमि को दो सगे भाइयों ने कूटरचित तरीके से अपने नाम करा ली थी। एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक में दोनों को भूमाफिया घोषित करने की संस्तुति हुई थी। अब लेखपाल व कानूनगो की तहरीर पर रामपुर कारखाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से खलबली मच गई है। मामला सदर तहसील के भीखमपुर गांव का है। गांव से सटे छोटी गंडक नदी बहती है। राजस्व अभिलेख में नदी और उसकी धारा यानी खरह के रूप में सुरक्षित करीब 30 एकड़ भूमि को जमालुद्दीन खान व कामरान खान ने कूटरचना कर अपने नाम करा लिया। इसकी जांच के लिए डीएम के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी अमृतलाल बिद की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय समिति गठित की गई थी, जिसमें एसओसी चकबंदी कैलाश भारती व चकबंदी अधिकारी पंकज श्रीवास्तव शामिल थे।

समिति की आख्या 29 जुलाई 2021 के आधार पर अभिलेखों को दुरुस्त किया गया। इसके बाद एंटी भू माफिया एंटी भू माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक जनवरी में हुई, जिसमें एसडीएम, सीओ, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, चकबंदी अधिकारी देवरिया, अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग, वन क्षेत्राधिकारी देवरिया, तहसीलदार सदर ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के क्रम में नदी की भूमि को बेचने के कारण दोनों भाइयों को भू माफिया घोषित करने की संस्तुति की। लेखपाल महेंद्रनाथ व कानूनगो हेमंत कुमार की तहरीर पर सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 व धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नायब तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बताया कि जनवरी में एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स समिति ने भूमाफिया घोषित करने की संस्तुति की थी। लेखपाल व कानूनगो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# सात करोड़ की लागत से चमकेंगी क्षेत्र की सड़कें, सुगम होगा आवागमन

देवरिया। रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र की 48 सड़कों का कायाकल्प होगा। सात करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से यह सड़कें चमकेंगी। विधायक की पहल पर शासन ने इसकी मंजूरी दी है। विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की 48 सड़कों के कायाकल्प के लिए प्रस्ताव दिया था। शासन की तरफ से इन सड़कों की स्वीकृति मिल गई है। इसमें भटनी के भरहे चौराहा से कुरमौटा ठाकुर, नोनापार से देवघाट मार्ग, बभनौली कला संपर्क मार्ग, बनकटा तिवारी से सकटिया टोला, नोनापार से छपरा संपर्क मार्ग, राजस्व ग्राम सरौरा में खटीक टोला मार्ग से हथियागढ़ तक, मधवापुर से पिपरिया संपर्क मार्ग, देवरिया कसया मार्ग से भीमपुर संपर्क मार्ग, गंभीरपुर मालीबारी मार्ग से मधवापुर संपर्क मार्ग, भीखमपुर देवरिया मार्ग से पगरा उर्फ परसिया मार्ग, बैकुंठपुर से रुपई मार्ग, महुआनी चौराहा आमघाट से बड़हरा बाबू संपर्क मार्ग, सिधुआ संपर्क मार्ग, खुखुंदू भटनी मार्ग से बभनी मार्ग का निर्माण होगा। इसके अलावा वीरसिंहपुर संपर्क मार्ग, बेलवानिया उर्फ हासिल चक से बनरहा आमघाट मार्ग, महुआनी चौराहे से गोबराई होते हुए प्रानपुर संपर्क मार्ग, नरौली खेम संपर्क मार्ग, पथरदेवा रामपुर शुक्ल से पड़री संपर्क मार्ग, बघड़ा पिपरा मार्ग से महुअवा खुर्द पूरब टोला संपर्क मार्ग, बघडा पिपरा संपर्क मार्ग से मुंडेरा संपर्क मार्ग, ग्राम जगदीश मुंडेरा से भैंसा डाबर नहर पिच मार्ग, कोटवा कंधेनवा मार्ग से मथुरा छापर संपर्क मार्ग, कैथवलिया संपर्क मार्ग, तवकलपुर संपर्क मार्ग, विकास खंड रामपुर कारखाना में पिपरिया संपर्क मार्ग, रामपुर अवस्थी गौर कोठी संपर्क मार्ग, सिंह टोला होते हुए सहबाजपुर से तवकलपुर संपर्क मार्ग का भी निर्माण कराया जाएगा। जबकि सिधुआ से चांदपुर संपर्क मार्ग, देवरिया का कसया मार्ग, भीमपुर चौराहे से भगवतीपुर संपर्क मार्ग, सूरजहीं से भड़सरा संपर्क मार्ग, भीखमपुर देवरिया संपर्क मार्ग से विशुनपुर कला रूपा टोला समेत अन्य सड़कें भी बनेंगी।

# देवरिया में उल्टी–दस्त का कहर जारी, बीमार हो रहे बच्चे

देवरिया। गर्मी के चलते जनपद में बच्चों के बीमार होने का सिलसिला लगातार जारी है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल की ओपीडी में उल्टी–दस्त व बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या सर्वाधिक है। उधर चिल्ड्रेन वार्ड भी फुल हो गए हैं। तकरीबन एक सप्ताह से बच्चे तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के शिशु एवं बाल रोग विभाग में डा. एचके मिश्र आदि डाक्टरों ने डेढ़ सौ से अधिक रोगियों का उपचार किया। जिसमें कुछ को छोड़ कर अधिकांश उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित थे। सबसे पहले बच्चे को दस्त हो रहा है, उसके बाद उल्टी शुरू हो रही है, फिर बुखार हो जा रहा है। बच्चा सुस्त हो जा रहे है और दूध व भोज्य पदार्थ खाना बंद कर दे रहा है। जिससे उसे भर्ती करना पड़ रहा है।

बाहर से भी खरीदनी पड़ रहीं दवाएंः वार्ड में उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ितों में पांच माह की ज्योति यादव पुत्री उपेन्द्र, पयासी सलेमपुर, 10 माह के अनंत पुत्र सोनू शाही, सरैया तरकुलवा, 10 माह के अनमोल पुत्र श्रवण कुशवाहा, पिपरा खेमकरण खुखुंदू, पांच वर्षीय गुड़िया पुत्री रामनयन, हरदेवा, मदनपुर देवरिया आदि भर्ती हैं। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि अधिकांश दवाएं मिल रही हैं लेकिन कुछ दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही है। अस्पताल की दवाएं ठीक से काम नहीं कर रही हैं।

बचाव के लिए क्या करें

शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. एचके मिश्र ने बताया कि बच्चों को धूप व लू से बचाएं, हाथ धोकर ही खाना खाने की अनुमति बच्चे को दें। स्वयं बच्चों को खाना खिलाएं तो साबुन से हाथ धोकर खिलाएं। घर में बना ताजा पका भोजन खाने को दें। बासी भोजन कतई न खिलाएं। दस्त होने पर जीवन रक्षक घोल दें और तत्काल डाक्टर को दिखाएं। यह सही है कि गर्मी व तेज धूप व लू के चलते इन दिनों उल्टी–दस्त व बुखार से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ी है। अस्पताल में दवाओं की कोई कमी नहीं है। इलाज के लिए बेहतर इंतजाम किया गया है। जो भी पीड़ित बच्चे आ रहे हैं उन्हें बेहतर इलाज दिया जा रहा है।

# मासूमों के सिर से उठ गया पिता का साया

देवरिया। रुद्रपुर उपनगर के खजुहा चौराहा के रहने वाले रामानंद मौर्या का शव सुबह घर पहुंचते ही स्वजन दहाड़ मारकर रोने लगे। गौरीबाजार क्षेत्र के रुद्रपुर–गौरीबाजार मार्ग पर इंदुपुर के समीप बस व बोलेरो की टक्कर में .रात उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। वह गोरखपुर स्थित एक बीमा कंपनी में काम करते थे। घर आते समय हादसे के शिकार हो गए। पिता बुद्धू प्रसाद ने कंपकंपताती हाथों से उपनगर के निबहीं रोड स्थित समधवा घाट पर पुत्र को मुखाग्नि दी। मौजूद लोगों की आंखें डबडबा गई। रामानंद की शादी छह वर्ष पहले हुई थी। उन्हें दो बच्चे जैश और परी हैं। असमय ही पिता का साया मासूसों के सिर से उठ गया। मां जोना देवी पुत्र वियोग में दुखी थीं। घटना के समय पत्नी मायके में थी। रात में तबीयत खराब होने के बहाने बुलाया गया। दरवाजे पर स्वजन के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन था। पति की मृत्यु की जानकारी मिलते ही वह बिलखने लगी। मिलनसार थे रामानंद रामानंद काफी मिलनसार व्यक्ति थे। उनके मृत्यु की खबर सुनते ही खजुहा चौराहा के आसपास की दुकानें बंद हो गईं। उनके मृत्यु की जानकारी मिलने पर वीरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम, मोहन उपाध्याय, मनमथ त्रिपाठी, शैलेष पटेल, वीरेंद्र बरनवाल, अनिल पटेल, मायाशंकर मद्धेशिया आदि ने दरवाजे पर पहुंचकर दुख जताया। बस चालक की तलाश में छापेमारीः गौरीबाजार थाना क्षेत्र के इंदूपुर के पास सड़क हादसे के लिए निजी बस के चालक को जिम्मेदार बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी तलाश में देर रात कोतवाली क्षेत्र के रामचक गांव में छापेमारी की। वह घर पर मौजूद नहीं मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि चालक नशे में धुत था। बस को तेज रफ्तार से चला रहा था, जिसके कारण हादसा हो गया। घटना में छह लोगों की मृत्यु हो गई। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि जांच में पता चला है कि बस चालक नशे में था। पुलिस उसकी तलाश में घर गई थी। घर पर वह मौजूद नहीं मिला।

# बोरों के अभाव में खरीद को लग रहा झटका

महराजगंज। जिले में क्रय केंद्रों पर बोरों के अभाव में खरीद को झटका लग रहा है। क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, पंखी आदि तो उपलब्ध है, लेकिन अधिकांश केंद्रों पर बोरा नहीं है। इससे खरीद नहीं हो पा रही है और किसान वापस लौट रहे हैं। वह गेहूं तौल के लिए दर–दर भटक रहे हैं, बावजूद जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

पहली अप्रैल से अब तक 1206 एमटी गेहूं की ही खरीद की जा सकी है। जिला मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर पर स्थित केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडारण लिमिटेड महराजगंज पर केंद्र प्रभारी इंद्रजीत यादव बैठे रहे, लेकिन बोरा नहीं होने से यहां अभी तक खरीद नहीं हो सकी। हालांकि यहां विनोइंग मशीन, दो इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, 1000 क्विटल गेहूं रखने की भंडारण की व्यवस्था मिली।

भिटौली संवाददाता के अनुसार साधन सहकारी समिति लिमिटेड पकड़ी खुर्द और साधन सहकारी समिति सतभरिया में बोरे के अभाव में खरीद नहीं हो पा रही है। सहकारी संघ भिटौली को क्रय केंद्र बनाया गया है, लेकिन वहां न मशीन है, न ही बोरा व बैनर है। परतावल संवाददाता के अनुसार स्थानीय मंडी परिसर में दो क्रय केंद्र बनाया गया है।

एफसीआई के एसडब्लूसी केंद्र पर मौजूद चौकीदार अनिल गौड़ ने बताया कि केंद्र प्रभारी सिलाई मशीन बनवाने गए हैं। लखिमा के किसान राम समुझ पटेल का तौल हो रहा था। केंद्र प्रभारी जितेंद्र मिश्रा ने दूरभाष पर बताया कि सिलाई मशीन खराब होने से उसको बदलने आया हूं। केंद्र पर किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। विपणन विभाग के क्रय केंद्र प्रभारी पवन कुमार अग्रहरि केंद्र पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बोरा समाप्त हो गया है, जिससे खरीद बंद रहा। केंद्र प्रभारी पवन कुमार अग्रहरि ने बताया कि बोरे का रैक लगा है। शाम तक 20 हजार बोरा आ जाएगा।

आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा गल्ला मंडी में स्थित खाद्य एवं रसद क्रय केंद्र खुला रहा। मार्केटिंग इंस्पेक्टर नवीन कुमार नायक केंद्र पर मौजूद रहे। केंद्र पर बोरा नहीं था। जिससे किसानों के गेहूं की तौल नहीं हो पा रही है।

इसके साथ ही केंद्र पर नमी मापन यंत्र भी था। मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि एक–दो दिनों में बोरा उपलब्ध हो जाएगा। अब तक 350 कुंतल गेहूं की खरीद हो चुकी है।

क्रय विक्रय सहकारी समिति करहियां गेहूं क्रय केंद्र पर बोरा उपलब्ध है। केंद्र पर 500 बोरा आया था। अब तक 146 क्विटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। क्रय केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा मौजूद मिला। पानी की व्यवस्था की गई थी।

केंद्र प्रभारी राजेश यादव उपस्थित थे। केंद्र पर जयप्रकाश का 31 कुंतल, अवधेश कुमार निवासी पोखरभिडा से 26 क्विंटल की खरीद हुई थी। क्रय केंद्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बुधवार तक जिले में 1100 गांठ बोरा आ जाएगा, जिसे आवश्यकतानुसार क्रय केंद्रों पर भेजा जाएगा। अब तक 1206 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

## बस स्टेशन पर जरूरी सुविधाएं नहीं, यात्री बेहाल

महराजगंज। परिवहन निगम द्वारा यात्रियों को बस स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर टिकट में ही शुल्क ले लिया जाता है, लेकिन यहां बस स्टेशन पर सुविधाएं नदारद हैं। धूप और गर्मी से यात्री घंटों बेहाल हो रहे हैं, बावजूद जिम्मेदार उदासीन हैं। जिले में कालेज रोड पर पुराने बस स्टेशन भवन को गिराकर नया भवन बनाया जा रहा है। छह माह से निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण अधिकारी, कर्मचारियों सहित यात्रियों को बैठने की जगह भी नहीं है। कर्मचारी तो टिनशेड में कार्यालय चला रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक दुर्दशा यात्रियों को हो रही है। वह छोटे–छोटे बच्चों के साथ धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन इन्हें धूप से बचाव का इंतजाम करने में असहाय बना हुआ है। पानी के लिए न हैंडपंप हैं और न ही निश्शुल्क प्याऊ की व्यवस्था है। नगर पालिका द्वारा मोबाइल वाटर टंकी की भी व्यवस्था नहीं उपलब्ध कराई जा सकी, ताकि जरूरत पर यात्री गला तर कर सकें। चौपरिया के राजकुमार ने कहा कि परिवहन निगम यात्री सुविधा के नाम पर प्रत्येक यात्रियों से टिकट में ही शुल्क वसूल कर लेती है, लेकिन सुविधा देने में कोताही कर रही है। जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। यात्रियों के बैठने और पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की आवश्यकता है। गबड्डुआ की सरोज ने बताया कि उसे गोरखपुर जाना है। धूप में खड़ा होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। सुविधा नहीं दे पा रहे हैं, तो शुल्क किस बात की ली जा रही है। यह तो अनियमितता है।

## बरोहिया-पिपरिया मार्ग क्षतिग्रस्त, राह चलना मुश्किल

मिठौराबाजार। मिठौरा ब्लाक की बरोहिया–पिपरिया सड़क वर्षों से बदहाल है। जगह–जगह गड्ढों के कारण राह चलना मुश्किल हो रहा है। अब तक कई लोग गिरने से घायल भी हो चुके हैं, लेकिन संज्ञान में लाने के बाद भी जनप्रतिनिधि हों या अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। पूर्व प्रधान नसरुद्दीन अली, अजय सिंह, धीरज जायसवाल, केशव जायसवाल, रोहित मोदनवाल, गिरिजेश जायसवाल, मुन्ना गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, विजय कुमार गुप्त, राकेश गुप्ता, मनीष कुमार, हरिओम, हरिशंकर, राजकुमार जायसवाल, गोपेश्वर पांडेय, वशिष्ठ पांडेय, अनवर आदि ने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा गया, लेकिन इस समस्या पर कोई ध्यान नही देता है। इस संबंध में पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन कुमार ने कहा कि जल्द ही सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।

## सड़क निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी से आक्रोश

चौक बाजार। स्थानीय क्षेत्र के चौक धर्मपुर मार्ग वाया ओबरी चौक में हो रहे सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान न देने से नगरवासियों में आक्रोश है। पांच किलोमीटर लंबे इस मार्ग को मई के अंत तक पूरा कर देना है। मार्ग के निर्माण में गिट्टियों के ऊपर मिट्टी और बालू का प्रयोग किया जा रहा है। दुर्गेश गोंड़, नवरत्न प्रसाद, सुबोध कुमार,जयहिद, राकेश कुमार, सर्वेश ने जांच कराने की मांग की है। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सचिन कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। कमी मिलने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

## सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी से लोगों में आक्रोश

चौक बाजार। स्थानीय क्षेत्र के चौक धर्मपुर मार्ग वाया ओबरी चौक में हो रहे सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है। चौक धर्मपुर वाया ओबरी तक करीब पांच किलोमीटर लम्बे मार्ग को मई माह के अंत तक पूरा कर देना है, लेकिन इस मार्ग के निर्माण में गिट्टियों के ऊपर मिट्टी और बालू का प्रयोग किया गया है। दुर्गेश गोंड़, नवरत्न प्रसाद, सुबोध कुमार,जयहिद, राकेश कुमार, सर्वेश ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से मार्ग निर्माण में अनियमितता की जा रही है। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सचिन कुमार ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## पढेंगे पढ़ाएंगे, उन्नत देश बनाएंगे

भिटौली। परतावल विकास खंड के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरकुलवा तिवारी में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली को ग्राम प्रधान मो. जान खां ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव की प्रत्येक गलियों और सड़कों से गुजरी। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराधा मिश्रा शिक्षा मित्र रिकू, रीना,आजम आदि मौजूद रहे।

## सभी विद्यालय नवीन नामांकन पर दें जोर

मिठौरा बाजार। सभी परिषदीय एवं अनुदानित विद्यालय नवीन नामांकन अत्यधिक संख्या में कराएं। सभी नवीन नामांकन वाले बच्चों का प्रेरणा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं। प्रतिदिन बाल गणना का कार्य प्राथमिकता से करते हुए ससमय इसकी सूचना एआरपी को देते रहें। यह बाते बीईओ सुधीर कुमार ने कहीं। वह बीआरसी मिठौरा में नोडल शिक्षक संकुल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के तहत हाउस होल्ड सर्वे को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। रोस्टरवार प्रत्येक क्षेत्र की जांच कर सत्यापन किया जाएगा। इसी तरह कोविड मेगा वैक्सीनेशन में नामित विद्यालय कक्षा छह से आठ तक 12 से 14 वर्ष के छात्रों एवं छात्राओ के वैक्सीनेटेड और छूटे हुए की सूची नोडल संकुल एवं एआरपी को उपलब्ध करा दें।

## जिले में नहीं मिला एक भी कोरोना संक्रमित

महराजगंज। जिले में .. एक भी कोरोना संक्रमित नहीं मिला है। नोडल अधिकारी डा.आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14871 है। इसमें 14724 संक्रमितों ने कोरोना से जंग जीत ली है। वहीं अब तक 146 की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय रोगियों की संख्या एक है।

# फायर स्टेशन गोला के द्वारा मॉक ड्रील का प्रदर्शन कर बच्चों को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। शाशन के निर्देशानुसार लोगों को जागरूक करने के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गगहा क्षेत्र के अभ्युदय पब्लिक स्कूल राजगढ़ में शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र–छात्राओं एवं चतुर्थ श्रेणी के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद ने जानकारी देते हुए कहां कि गर्मी के बढ़ने के साथ–साथ आग लगने के संभावनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है लेकिन यदि जागरूकता हो तो इस आपदा से आसानी से बचा जा सकता है आग लगने की संभावना वाले क्षेत्र पर अग्नि कुचालक जैसे बालू या मोटा कपड़ा या जुट का बोरा इत्यादि आवश्यक रूप से होना चाहिए रसोई घर में खाना बनाते समय महिलाओं को सतर्क रहना चाहिए बिजली के तारों को खुला अथवा ढीला न रखें फायर एक्सटिंग्विशर आवश्यक रूप से सार्वजनिक जगहों पर होना चाहिए आग को तत्काल बुझाने के प्रयास के साथ फायर ब्रिगेड को सूचना देनी चाहिए। इस मौके पर बहुत से छात्रों ने जिज्ञासावश कुछ प्रश्न किए जिनका अग्निशमन की टीम द्वारा बच्चों के प्रश्नों का बहुत ही अच्छे ढंग से उत्तर दिया। हेड चालक जनार्दन पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जागरूकता ही बचाव है। किसी भी समस्या को हम जागरूकता से मात दे सकते हैं। कार्यशाला में जो भी जानकारियां मिली है उसको अपने आसपास के लोगों के मध्य लाएं जिससे समाज के लोगों को इस तरह की आपदा से निजात मिल सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य पी के जायसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का हृदय से आभार प्रकट किया और छात्र छात्राओं से अपील किया कि आपदा के समय धैर्य की जरूरत होती है यदि धैर्य से काम किया जाए तो बड़ी से बड़ी आपदा को आसानी से टाला जा सकता है। इस अवसर पर फायर मैन जगदेव कुमार, फायर मैन सुनील कुमार यादव सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर छात्र–छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल के समापन के दिन बुधवार को गोला क्षेत्र के आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही के प्रांगण में क्षेत्र के अग्निशमन केंद्र परसा उर्फ अगलहवा के अधिकारी द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों और शिक्षकों को फास्ट फायर नियंत्रण की जानकारी दी। उनसे फायर सिलेंडर से आग भी बुझवाई गई। अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद, जनार्दन पांडे दीवान, जगदेव कुमार और सुशील कुमार यादव फायरमैन ने उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर अग्निशमन विभाग अग्निशमन सेवा सप्ताह मना रहा है, इसके तहत बाजार, दुकान, अस्पताल, स्कूलों आदि में आग लगने पर लोगों को इसे तुरंत बुझाने के तरीके बताए जा रहे हैं। मॉकड्रिल के माध्यम से उन्हें फायर स्टूडेशर से आग पर काबू पाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसके क्रम में फायर माक ड्रिल और डेमो द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं को बिजली, गैस, नॉर्मल आग आदि से बचाव की जानकारियां देते हुए दीवान जनार्दन पांडेय ने छात्रों के प्रश्नों का जवाब भी दिया। अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद बताया कि स्टूडेशर के जरिए आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता है। स्टूडेशर में फॉग केमिकल और ब्2 गैस रहती है। इससे आग तुरंत बुझ जाती है। इसके अलावा उन्होंने बालू से, पानी से भी आग बुझाने के तरीके बताए। और भिन्न भिन्न प्रकार की आग जैसे इलेक्ट्रिक से गैस और अन्य प्रकार की आग पर भी जानकारी दी और उन्हें बुझाने के तरीके बताए। उन्होंने आग भड़कने पर तुरंत फायर स्टेशन के 112 पर कॉल करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रताप राय, संरक्षक रवि प्रताप राय, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, विनोद तिवारी, अनिल कुमार राय, अजय कुमार शुक्ल, सतांशु राय, रामप्रकाश, रजनीश सिंह, अनिल यादव, महेन्द्र प्रसाद, दीनानाथ, सूरज गोंड, चंद्रमा चौधरी, दीपक सिंह, नागेन्द्र शर्मा, सुशील कुमार, अरुण प्रकाश राय, अमित पासी, निजामुद्दीन आदि समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



# रमजान माह, ईद–उल–फितर एवं अक्षय तृतीया त्योहारों के दृष्टिगत डीएम व एसपी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

संत कबीर नगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में रमजान माह, ईद–उल–फितर, अक्षय तृतीया त्योहारो को आपसी भाई–चारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी ताल–मेल, अमन पसंदी से भाई–चारें के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने जनपद के विभिन्न इलाकों में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में उपस्थित ग्राम प्रधानों, एवं समिति के सदस्यों से फीडबैक प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरू सहित ग्राम प्रधानो ने प्रशासन के साथ अपने सामान्य परिचय के दौरान अपने–अपने क्षेत्रों में अमन चौन, आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारो को मनाये जाने की परम्परा की याद दिलाते हुए आगामी त्योहारो को भी मिल–जुल कर मनाये जाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड–19 का संक्रमण यद्यपि नियंत्रित है फिर भी हम सबको इसके सम्भावित संक्रमण से बचने के लिए निरंतर सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने किसी भी समस्या अथवा शिकायत की दशा में तत्काल प्रशासनध्पुलिस प्रशासन को सूचित करने की भी अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने उपस्थित ग्राम प्रधानोंध्धर्मगुरूओध्अन्य गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनपदवासियों को त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने–अपने हिसाब से त्योहारो को मानवे। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाई–चारें और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने विशेष तौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाये जाने वाले अफवाहो पर ध्यान न देने तथा अपने स्तर पर ही इसे रोक देने की बात कही। उन्होंने सभी से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी सम्भावित घटनाओं आदि बारे में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एस0एन0 श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, सहित समस्त थाना प्रभारीगण, धर्मगुरू, ग्राम प्रधानगण एवं सम्भ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग लगभग 30 बिघे गेहूँ की फसल जलकर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कर्मा ब्लॉक के तियरा शिवदत्त गांव में गांव के दोनों साइड भीषण आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई है, भाजपा काशी



क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी ने जिले के सभी उच्च अधिकारियों को, जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी, क्षेत्राधिकारी घोरावल, को भीषण आग लगने की स्थिति से सबको अवगत कराया, मौके पर स्थानीय पुलिस पीएसी बल तैनात के साथ पहुंच कर, गांव वालों के सहयोग से आग को काफी हद तक काबू कर लिया गया है, पूरी तरह आग बुझ नहीं पाई है काफी मात्रा में जगह–जगह पर आग अभी भी लगी हुई है, लेकिन 5 घंटे के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम अभी तक मौके पर नहीं पहुंची है, और उस ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान के द्वारा अभी तक पानी का टैंकर चलवा कर आग बुझाने में गांव वालों कि कोई मदद नहीं की गई, करीब करीब 30 बिगहे से ऊपर गेहूं की फसल गांव वालों की जलकर राख हो गयी, कई गांव के घर में आग लगने से बच गयी, गांव के लोग अभी तक मौके पर मौजूद है, और यह आग जो अभी तक लगी हुई है कहीं गांव में न फैल जाए इसके डर से पूरा गांव अभी तक भयभीत है डरा हुआ है लगभग सायं से कुछ पहले फायर ब्रिगेड पहुची आग बुझाने का प्रयास जारी रहा।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में रालोद ने सौंपा प्रशासन को पाँच सूत्रीय ज्ञापन

बस्ती। बेतहाशा बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल की जिला इकाई की ओर से राष्ट्रपति को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में ओमप्रकाश चौधरी, रायअंकुरम श्रीवास्तव, अरूणेन्द्र पटेल, शिवकुमार गौतम, सुलीत कुमार शुक्ल, इन्द्रबहादुर यादव, रामआशीष चौधरी, मनीष चौधरी, निखिल आदि मौजूद रहे।जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में डीजल पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाने, घरेलू गैस की कीमत 300 रूपये प्रति सिलेण्डर किये जाने अथवा पूर्व की भांति सब्सिडी दिये जाने, खुदरा बाजार में नियमित रूप से मूल्यों की जांच कराये जाने, मुण्डेरवां में रेलवे ओवरब्रिज अथवा अण्डरपास की सुविधा दिये जाने, यूपी में अन्त्योदय कार्डों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग प्रमुखता से शामिल है। रालोद नेता ने कहा चुनाव खत्म होते ही जनता पर महंगाई की मार पड़ने लगी। डीजल पेट्रोल की कीमतें बढ़ने के कारण रोजमर्रा की वस्तुयें भी महंगी हो गयी हैं। उपरोक्त मांगें व्यापक जनहित में हैं इन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिये।

# प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भारत को विश्व का सिरमौर बनाना

बस्ती। ब्लॉक परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि सासंद हरीश द्विवेदी ने फीता काटकर किया। सांसद ने कहा कि सबका साथ सबका बिकास के उद्देश्य के लिए एक ही स्थान पर विभिन्न बिभागों के माध्यम से सचांलित सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुचाने का यह बहुत ही अच्छा माध्यम है।

जिससे ग्रामीण स्तर पर ही लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के ले सकते है। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है।किसानों को समृद्ध करने के लिए सम्मान निधि दिया जा रहा है।

प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना बस्ती जनपद में 2.20 लाख गोल्डन कार्ड बना है।अभी इस जिले में 10 लाख लोगों तक गोल्डन कार्ड पहुंचाने की योजना बनाई गई है

पीएम का प्रयास भारत दुनिया का सिरमौर बने मोदी ने वह किया जो पचास साल पहले हो जाना चाहिए था। प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह ने आए हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा ऐसे मेले से अंतिम व्यक्ति तक सरकार की संचालित योजनाओं को पहुंचाया जा सके।आयुष्मान कार्ड,नव युवक महिला मगंल दल के 12 समूहों को खेल सामग्री बितरण किया गया।सामेकित बाल विकास परियोजना के ओर से सचांलित तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ दो बच्चों का अन्न परासन कराया गया।तथा स्वास्थ्य विभाग के ओर से लगाए गए सभी स्टालो को देखा व स्त्री व प्रसूति रोग तथा परिवार नियोजन के बारे में चलाए जा रहे कार्यकर्मो की जानकारी ली एन आर एल एम द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं दूारा बनाया गया चप्पल,बट्टे,गिलास,बिजली बिल मशीन,टीकाकरण,टेली मेडिसीन हेल्थ कार्ड,शुगर जांच,दिव्यांग जन,दन्त रोग,नेत्र रोग,आयुर्वेदध युनानी आयुष्मान भारत, एलोपैथ,कोविड सेपंलिग,तथा शिक्षा विभाग सहित कुल 24 स्टाल लगाए गए थे।जिसमें कुल मरीजों का स्वास्थय परीक्षण हुआ।इस अवसर पर सीएमओ डॉ चंद्रशेखर,सीएल कन्नौजिया, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र यादव, एम ओ आइ सी आनंद मिश्र,सीडीपीओ देवेंद्र सिंह,एडीओ पंचायत गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक चौबे,बीइओ अशोक कुमार , अमित सिंह, श्रीराम पांडेय

# बिजली के जर्जर तार स्पार्किंग से गेंहू के खेतों में लगी आग

दैनिक बुद्ध का संदेश

हलकान/सोनभद्र। करमा विकासखंड के ग्राम पंचायत कसया



कला के कम्हरिया गांव में संदीप पुत्र राम कुमार के खेत से बिजली का तार गया है, जो काफी ढीला है, जिससे आपस में तार से तार टकराते हुए शॉर्ट सर्किट के चिंगारी लगी आग, जिसमें गेहूं का खेत में आग पकड़ ली। आग देखते देखते रौद्र रूप धारण कर ली, जिससे खेतों में लगे समरसेबल, पुआल, भी आग के आगोश में आ गए। प्रधान मोहन सिंह पटेल, व अन्य किसानों की माने तो लगभग 10.30 बजे आगजनी करने वाली बिजली के तार स्पार्क कर खेत में आग का गोला बन गिर गया जिससे संदीप पुत्र रामकुमार के खेत में आग पकड़ ली आग का उग्र रूप सूर्य भगवान की किरण ने आग चौगुनी कर दी, देखते देखते रूद्र रूप धारण करने वाली आग रामकुमार, मोहन पटेल, गोकुल अरविंद, रामशकल, गुलाब सहित दर्जनों किसानों के गेहूँ के खेतों को अपने आगोश में लेते हुए बढ़ रही है। किसानों की मानें तो फायर ब्रिगेड को सूचना होने के बावजूद भी समाचार लिखे जाने तक नहीं पहुंचा। आग अपने रौद्र रूप में आगे बढ़ रही हैं। उधर रावटसगंज विकासखंड के नारायना गांव में किसानों द्वारा आग लगा दी गई है, जिससे आग रौद्र रूप धारण करके आगे बढ़ते हुए लगभग 50 बीघा खेत को अपने आगोश में ले लिया और यमसोकर गाँव पहुंच गई है। किसानों को चिंता सताने लगी कि अगर इसी तरह से आग बढ़ती रहे तो तमाम घर, खेतों में पड़े समरसेबल नष्ट हो जाएंगे। समाचार लिखे जाने तक हवा के साथ आगे की ओर बढ़ रही है।

# विकास भवन में हुआ किसान दिवस का आयोजन

बस्ती।, किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। इसमें किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। सीडीओ ने कहा कि 25 अप्रैल से प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पाठशाला का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें योजना से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी जायेंगी। उन्होने सभी किसानों से अपील किया कि पाठशाला में भाग लेंकर के फसल बीमा योजना का लाभ उठाये। उप निदेशक कृषि अनिल कुमार ने किसानों की समस्या को सुना तथा उसके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के किसानो से कहा कि 31 मई तक ई–केवाईसी करा लें अन्यथा उनके खाते में धनराशि नही आ पायेंगी। इसके लिए मोबाइल नम्बर तथा आधार कार्ड लेकर सहज जन सेवा केन्द्र जाना होगा। किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रशिक्षण बहादुरपुर ब्लाक में गन्ना में कीड़ा लगने, लधु सिचाई विभाग से पाईप दिलवाने का अनुरोध किया। जिला कृषि अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि ढैचा का बीज प्राप्त हो गया है। रू0 54.65 प्रति किलो की दर से किसान इसे बीज गोदामों से प्राप्त कर सकते है। इस पर 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा। किसान दिवस में एआर कोआपरेटिव प्रेम चन्द्र प्रजापति, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा, के.बी.के. के डा. बी.के. सिंह, सुधाकर चक्रवर्ती, एस.एस. सिंह, डा. अश्वनी तिवारी, संदीप वर्मा, प्रगतिशील किसान राममूर्ति मिश्रा, तरूण वर्मा, सुश्री बंदना, अमित कुमार, धीरज, प्रेमचन्द्र पाण्डेय, राकेश कुमार, रमाशंकर, रामलाल चौबे, संजय कुमार, परमानन्द सिंह तथा फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# विधिक माप विज्ञान (वाटमाप) का निरीक्षण

बस्ती। जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल ने सम्भागीय परिवहन कार्यालय तथा सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान (वाटमाप) का निरीक्षण किया। आरटीओ कार्यालय में आरटीओ सगीर अहमद अवकाश पर पाये गये जबकि अन्य 03 कर्मचारी उपस्थित मिले।

एआरटीओ कार्यालय में एआरटीओ अरूण प्रकाश चौबे तथा रविकान्त शुक्ला के साथ सभी 06 कर्मचारी उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने पूरे कार्यालय एवं परिसर में साफ–सफाई कराने का निर्देश दिया। अभिलेखागार का निरीक्षण करते हुए उन्होने पत्रावलियों को तरतीव से रखने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि पुरानी पत्रावलियों की बीडिंग कराकर उसका निस्तारण कराये।

# जिले में 25 अप्रैल से किया जायेंगा प्रत्येक ग्राम पंचायत में फसल बीमा योजना पाठशाला का आयोजन

बस्ती। किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। इसमें किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। सीडीओ ने कहा कि 25 अप्रैलसे प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पाठशाला का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें योजना से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी जायेंगी। उन्होने सभी किसानों से अपील किया कि पाठशाला में भाग लेंकर के फसल बीमा योजना का लाभ उठाये।

उप निदेशक कृषि अनिल कुमार ने किसानों की समस्या को सुना तथा उसके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के किसानो से कहा कि 31 मई तक ई–केवाईसी करा लें अन्यथा उनके खाते में धनराशि नही आ पायेंगी। इसके लिए मोबाइल नम्बर तथा आधार कार्ड लेकर सहज जन सेवा केन्द्र जाना होगा। किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रशिक्षण बहादुरपुर ब्लाक में गन्ना में कीड़ा लगने, लधु सिचाई विभाग से पाईप दिलवाने का अनुरोध किया।

जिला कृषि अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि ढैचा का बीज प्राप्त हो गया है। रू0 54.65 प्रति किलो की दर से किसान इसे बीज गोदामों से प्राप्त कर सकते है।

इस पर 50 प्रतिशत अनुदान देय होगा। किसान दिवस में एआर कोआपरेटिव प्रेम चन्द्र प्रजापति, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा, के.बी.के. के डा. बी.के. सिंह, सुधाकर चक्रवर्ती, एस.एस. सिंह, डा. अश्वनी तिवारी, संदीप वर्मा, प्रगतिशील किसान राममूर्ति मिश्रा, तरूण वर्मा, सुश्री बंदना, अमित कुमार, धीरज, प्रेमचन्द्र पाण्डेय, राकेश कुमार, रमाशंकर, रामलाल चौबे, संजय कुमार, परमानन्द सिंह तथा फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# कविताओं के माध्यम से तथा दीप जलाकर दी गई अनिल को श्रद्धांजलि

सीतापुर,। अन्नपूर्णा सेवा संस्थान संस्थापक तथा शहर के चहीते समाजसेवी अनिल द्विवेदी को परलोक सिधारे एक वर्ष बीत गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में हुआ।

संरक्षिका पुष्पा अवस्थी व अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण व महफूज रहमानी की अध्यक्षता में आयोजित काव्य गोष्ठी का संचालन राम किशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। जीएल गांधी की वाणी वंदना से आरंभ हुई। काव्य गोष्ठी में सभी कवियों और शायरों ने अपनी कविताओं के माध्यम से अनिल को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गमगीन माहौल में महफूज रेहमानी, पुष्पा अवस्थी, एके मिश्र, यासीन इब्ने उमर, जीएल गांधी, अवधेश शुक्ला, राम किशोर श्रीवास्तव, नफीस सीतापुरी, एपी गौतम, राज कुमार श्रीवास्तव, सुनीता यादव, सुमन मिश्रा, रौनक सीतापुरी, गीता श्रीवास्तव, रियाजुद्दीन रियाज, सूरज सीतापुरी, कौशलेंद्र दीक्षित व अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि ने काव्य पाठ किया। इसी क्रम में लालबाग शहीद पार्क में अनिल के चाहने वालों ने एकत्रित होकर दीप जलाए और अनिल को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नवीन द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इसी शहीद पार्क में अनिल ने शहीदों की याद में अनेकों बार कार्यक्रम करके अनगिनत दीप जलाए हैं। लेकिन आज दुर्भाग्यवश हम लोग उनके लिए दीप जला रहे हैं। हम सब इसी प्रकार उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके कारवां को आगे बढ़ाते रहेंगे। अभय श्रीवास्तव ने कहा कि अनिल के लिए सच्ची श्रद्धांजलि यह है कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा किया जाए और उनके सपनों को साकार किया जाए। यासीन इब्ने उमर ने कहा कि अनिल ने हमें और हमारे जैसे ना जाने कितनों को बोलना सिखाया है। मंच दिया पहचान दी है लेकिन आज जब वह हमारे बीच नहीं हैं ऐसे में उनके लिए कुछ बोल पाना बहुत मुश्किल है। मोनिका आनंद ने कहा कि अनिल ने अनेकों आयोजन करके सीतापुर के बच्चे बच्चे में जन पैदा करने का काम किया है। उन्होंने सिखाया है कि समाज सेवा कैसे करनी चाहिए। इस अवसर पर पुष्पा अवस्थी, अभय श्रीवास्तव, यासीन इब्ने उमर, बृजेंद्र नाथ श्रीवास्तव, मोनिका आनंद, एके मिश्र, सुजीत राठौर, सुनीता यादव, जीएल गांधी, राम किशोर श्रीवास्तव, अंजलि, किरण पांडे, हिमांशी रस्तोगी, दिव्या पांडे, जावेद अहमद, मुस्कान तिवारी, आराधना सिंह, शिवानी, अंबर श्रीवास्तव, लक्ष्मण मौर्य, आरूषी अग्रवाल, यशवी चौरसिया, अजय श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता, कार्तिकेय शुक्ल, आकाश मिश्रा, इकरार अहमद, प्रिंसी, राजू श्रीवास्तव व बिंदेश्वरी आदि ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का पहला सीएचसी में हुआ आयोजन

पहला (सीतापुर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला परिसर में प्रभारी अधीक्षक डा. राजीव कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयुष्मान भारत ब्लॉक स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। मेले में विभिन्न विभागों के दिव्यांगजन, पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, होम्योपैथिक विभाग, आयुष विभाग, ग्राम विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, प्रांतीय रक्षक दल तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग.अलग काउंटर लगाकर लाभार्थियों को परामर्श दिया गया। यहां चिकित्सकों ने पंजीकृत 428 लोगों की जांच की और उचित परामर्श देते हुए दवाई वितरित की। मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने फीता काटकर किया तथा मेले में लगाए गए सभी काउंटर पर जाकर संबंधित जानकारी ली। वहीं दिव्यांगजन विभाग द्वारा बैनर ना लगाए जाने पर आपत्ती जाहिर की। इसके अलावा प्रांतीय रक्षक दल विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्यामजी द्वारा लाए गए खेल किट को चिन्हित युवक मंगल दल के पदाधिकारियों को प्रदान किए। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर जाकर अपना पर्चा बनवाया तथा डॉक्टरों से परामर्श लिया और बीपी तथा शुगर की जांच कराई। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक आशा मौर्या ने कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा जो प्यार मुझे मिला है उसका कर्ज हमें उतारना है और क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र में 100 बेड का एक अस्पताल बनेगा। सभी अपनी समस्याएं मुझे व्यक्तिगत रूप से अवगत करा सकते हैं। मेले में 12 लोगों को कोविड का टीकाकरण, 4 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, 23 किशोरियों को किशोरी परामर्श, 4 अंतरा 31 की आंख जांच व 50 लोगों की लैब टेस्टिंग एलटी अश्विनी व निधी द्वारा की गई। मेले की व्यवस्था को सबसे पहले एसीएमओ डा. आरएस रविदास ने देखा और पूरे समय मौजूद रहे। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा सुरेश कुमार सचान ने फील्ड में कार्य कर रहे कर्मचारियों की बकाया धनराशि को एक हफ्ते में मिलने का आश्वासन दिया। मेले के अंत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मंचन कर जागरूक किया गया। मेले में प्रमुख रूप से अधीक्षक डॉ राजीव वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमा वर्मा, डॉक्टर अंकित वर्मा, डॉक्टर आरबी सिंह, डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर पीयूष कुमार, आयुष्मान मित्र, आशुतोष मौर्य, स्टाफ नर्स शकुंतला चौधरी, एडीओ कृषि राजकुमार, खाद्य एवं रसद विभाग के पीके वर्मा तथा भाजपा के रामकुमार वर्मा, कमलेश तिवारी, सुधीर वर्मा, विजय सिंह, संजय वर्मा, इंद्रेश गौतम व मंसाराम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# नवागत जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला भय रोग अधिकारी डा. मुसाफिर यादव का किया स्तष्टड्ढीकरण तलब

सीतापुर,। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने .जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं जनता को समुचित उपचार तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा. मुसाफि र यादव का स्पष्टीकरण तलब किया एवं वैक्सीनेशन स्टोर प्रभारी जेसी गुप्ता को फ टकार लगाते हुए कार्यों में सुधार हेतु निर्देशित किया। खराब सफाई व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सफाई व्यवस्था के प्रभारी को कार्यो में सुधार हेतु कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने मुख्य औषधि भण्डार कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, एनआरसी, ओपीडी, पीडियाट्रिक वार्ड, अन्नपूर्णा रसोई घर, हृदय रोग विभाग, पंजीकरण कक्ष, कोविड वार्ड, ड्यूटी रूम, भर्ती वार्ड, वैक्सीन कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से वार्ता करके चिकित्सालय में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालय में दवाओं एवं सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार चिकित्सालय में उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि मरीजों को बाहर से दवा न लानी पड़े यह भी सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल में उपलब्ध दवाओं का विवरण प्रतिदिन डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। वेटिंग रूम में बैठने हेतु समुचित प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत समय से सुनिश्चित कराया जाये। चिकित्सालय में समुचित साफ सफाई कराने तथा बेडों की बेडशीट नियमित रूप से बदलवाए जाने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी श्री सिंह ने सभी चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से उपस्थित होने एवं आवंटित समस्त कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यवेक्षणीय अधिकारी नियमित रूप से उपस्थिति एवं कार्यों की जांच करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नवागंतुक जिलाधिकारी ने कोषागार के डबल लॉक में लिया चार्जः सीतापुर,। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में नवागंतुक जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जनपद सीतापुर के कोषागार के डबल लॉक में चार्ज लिया। कोषागार के डबल लॉक का चार्ज ग्रहण करते समय मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम भरत तिवारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवागंतुक जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय भी लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

# महिलाओं की जागरूकता ही हमारा प्रमुख लक्ष्यः सुनील सिंह

हरदोई ।स्थानीय पुलिस महिला सशक्तिकरण को लेकर बच्चियों,छात्राओं,बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक कर रही है। मल्लावां कोतवाल सुनील सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान में गांव–गांव व कस्बे के मोहल्ला, स्कूल ,कॉलेज,कोचिंग सेंटरों पर महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान कोतवाल श्री सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरुप महिलाओंध्बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने तथा उनके अधिकारों के संबंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करने एवं उनमें सुरक्षाध्आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान को चलाया जा रहा है ।साथ ही बताया कि महिलाओं को सशक्तिकरण और स्वावलंबन शासन की प्रमुख प्राथमिकता है। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में चेतना बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सहभागिता को बढ़ाना है ।हम सबको मिलकर महिलाओं के सशक्तीकरण और उनमें जागरूकता के लिए प्रयास करना होगा जो कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है ।महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा, सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किए जाने हेतु महिला बीट पुलिस अपने–अपने क्षेत्र के स्कूल,कॉलेजों,गांवों , सार्वजनिक स्थलों व स्थापित मिशन शक्ति कक्ष में नियमित रुप से जाकर बालिकाओं,महिलाओं से संवाद कर रही है। व शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरुक कर रहीं है। साथ ही साथ उनकी समस्याओं को सुनकर व उनका त्वरित निस्तारण कराये जाने का हरसम्भव प्रयास भी कर रही हैं।

# मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्य करवाने की गुजारिश की

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली विधायक ने क्षेत्र की नवीन गल्ला मंडी कस्बे के बिसवां चौराहा व महमूदाबाद चौराहा पर फ्लाईओवर पॉलिटेक्निक रोडवेज बस अड्डे को हाईटेक करने व बसों के ठहराव के लिए व पुनरू कमलापुर मैग्ना चीनी मिल को शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्य करवाने की गुजारिश की है। क्षेत्र की जनता द्वारा सिधौली कस्बा के हाईवे स्थित रोडवेज बस स्टॉप पर बसों के ठहराव को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है थी। जिसको लेकर सिधौली विधायक मनीष रावत ने परिवहन मंत्री को पत्र लिखा है और सिधौली बस स्टॉप को हाईटेक बनाने सहित कैसरबाग डिपो की सभी बसों को बस अड्डे पर ठहराव के लिए पत्र लिखा है। इसी प्रकार सिधौली विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित अलग.अलग पत्रों में सिधौली क्षेत्र के छात्रों के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक बनाए जाने, किसानों के लिए नवीन गल्ला मंडी का निर्माण करवाने के लिए, गन्ना किसानों के लिए कमलापुर शुगर मिल को पुनरू चालू करवाए जाने के संबंध में और क्षेत्र की विभिन्न नदियों सहित कस्बे के विश्वा चौराहा व महमूदाबाद चौराहा पर ऊपरगामी पुल बनवाए जाने के लिए पत्र लिखा है। विधानसभा चुनाव के के पूर्व से ही सिधौली क्षेत्र के जनता को उक्त समस्याओं को देखते हुए सिधौली विधायक द्वारा यह पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से सिधौली क्षेत्र के विकास हेतु प्रयास किया गया है।

# आई जी ने वार्षिक निरीक्षण में मिशन शक्ति और जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को सराहा

## ग्राम महिला सुरक्षा समिति पुस्तक का किया विमोचन

हरदोई ।पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) लखनऊ परिक्षेत्र श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा जनपद हरदोई में वार्षिक निरीक्षण के दौरान जिले की पुलिसिंग व्यवस्था, रखरखाव और कार्यशैली सराहना की ।उन्होंने सलामी गार्द का टर्न आउट उत्कृष्ट पाते हुए इनाम की भी घोषणा की ।पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं एवं पुलिस लाइन में एमटी, आर्मरी, बैरक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति को लेकर स्थानीय महिलाओं के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को सुना। एसपी राजेश द्विवेदी की पुलिसिंग व्यवस्था से आईजी संतुष्ट नजर आईं। आई जी ने पुलिस लाइन सके स्वर्ण जयंती सभागार में महिला सुरक्षा समिति की बैठक की। महिलाओं की सुरक्षा और उनके समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए। और ग्राम महिला सुरक्षा समिति पुस्तक का विमोचन किया ।इसके बाद जीर्णोद्धार किए गए अराजपत्रित पुलिस अधिकारी अतिथि गृह का उद्घाटन किया गया ।इसी क्रम में आरटीसी क्लास के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया गया। आरटीसी बैरक का भ्रमण कर मैस का निरीक्षण किया गया। भोजन को चेक करने के बाद एमटी शाखा,आर्मरी,क्वार्टर गार्ड एवं वाहनों का अवलोकन किया। एमटी शाखा के निरीक्षण के दौरान समस्त वाहनों के रखरखाव के विषय में पूछताछ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।वाहनों, लॉग बुक तथा अन्य दस्तावेजों से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

श्रीमती सिंह द्वारा आरमरी के निरीक्षण के दौरान शस्त्रों की साफ–सफाई अच्छी पाई जाने पर प्रशंसा की गई और आर्मरी के अंदर आर्म्स और एम्युनिशन का मिलान गहनता से किया। उनके संचालन के विषय में निर्देशित किया गया। क्वार्टर गार्ड के निरीक्षण के दौरान महोदया द्वारा सुरक्षा गार्डों की मुस्तैदी का निरीक्षण किया गया तथा विषम परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले टैक्टिस का अभ्यास भी देखा गया।

आईजी द्वारा पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संपूर्ण कार्यालय परिसर का भ्रमण किया ।रीडर ऑफिस,आंकिक शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ,डीसीआरबी, एलआईयू,आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्ड अभिलेखों का अवलोकन कर उनको व्यवस्थित एवं अन्य अद्यावधिक रखने का निर्देश दिया गया। समस्त कर्मचारियों को निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# ब्लॉक स्तर पर 23 अप्रैल को होगा स्वास्थ्य मेला

हरदोई। एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन 23 अप्रैल 2022 दिन शनिवार को जूनियर हाईस्कूल बीआरसी, इमलीपुर कछौना में किया जाएगा। जिसका शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल अपने कर कमलों से करेंगे। इसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए जाएंगे। डिपार्टमेंट ऑफ फूड सेफ्टी द्वारा मेले में स्टॉल लगाकर फूड सेफ्टी ऑफिसर के माध्यम से ईट राइट मूवमेंट के अंतर्गत खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच के संबंध में जानकारी दी जाएगी। युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेल गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेले में स्टाल लगाकर लोगों को आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, योग, औषधीय पौधे आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को घरेलू पद्धति से उपचार के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से स्टाल लगाकर पोषण अभियान, टेक होम राशन, कुपोषण आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पंचायती राज एवं नगरीय निकायों द्वारा स्टाल के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाएं विशेषकर स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। मातृ शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, संचारी एवं गैर संचारी रोग संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ किसलय बाजपेयी ने बताया कि एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले से संबंधित तैयारियां की जा रही हैं।

## गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरित कर आंगनबाड़ी व आशा बहू को किया सम्मानित

बिसवां (सीतापुर)। देशव्यापी पोषक अभियान के तहत बिसवां के ग्राम जाफराबाद स्थित बेनीपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर भाजपा नेत्रियों ने गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार का वितरण किया एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री विमला व सहायिका नीलम तथा आशा बहू मधु अवस्थी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला नगर अध्यक्ष सीमा शुक्ला, उपाध्यक्ष उषा गुप्ता, मधु, सरला, मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहीं।

## प्रमुख समाजसेवी उर्मिला श्रीवास्तव बनीं ऑल इंडिया हरिजन संघ की जनरल सेक्रेटरी

हरदोई ।सर्वोदय आश्रम हरदोई की अध्यक्ष व प्रमुख समाज सेवी उर्मिला श्रीवास्तव को ऑल इंडिया हरिजन संघ की जनरल सेक्रेटरी मनोनीत किया गया है। आज हरदोई आगमन पर उनका स्वागत हरदोई रेलवे स्टेशन पर किया गया। स्वागत करने वालों में समाजसेवी विजय भाई मिश्रा, सभासद अमित त्रिवेदी श्रानूश, अतुल शर्मा, अनिल मिश्रा, नीलम अग्रवाल, मनोज पांडेय, अनुराधा पांडेय, राम किशोर, पिंटू वर्मा, रानू सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने उन्हें माला पहनाई, बुके प्रदान किए और पगड़ी पहना कर सम्मानित किया।

## मिशन शक्ति के तहत अभियुक्त को 04 वर्ष कारावास व पांच हजार रु के जुर्माने की मिली सजा

हरदोई ।मिशन शक्ति के तहत हरदोई पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को 04 वर्ष कारावास व पांच हजार रु के जुर्माने की सजा मिली है। मिशन शक्ति के तहत मॉनीटरिंग सेल हरदोई द्वारा थाना हरियावां पर पंजीकृत मुअसं 412ध्12 धारा 363ध्366 भादवि में प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप दोष सिद्ध पाये जाने पर फास्ट ट्रैक न्यायलय प्रथम हरदोई द्वारा अभियुक्त सर्वेश कुमार को 04 वर्ष के कारावास व 5000 रु के अर्थ दण्ड से दंडित किया ।अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले सहायक अभियोजक अमलेन्द्र सिंह का योगदान सराहनीय रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं का भाजपा ने किया स्वागत

हरदोई ।भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार,पूरे जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। इसी क्रम में नगर बाल विकास परियोजना कार्यालय पर महिला मोर्चा के जिला प्रभारी राजेश अग्निहोत्री का रोली गुप्ता व अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर के स्वागत किया। जिला महामंत्री रीना गुप्ता ने उपस्थित सभी आंगनबाड़ियों को पुष्पमाला रोली अक्षत व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी राजेश अग्निहोत्री ने कहा,आशा व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य शिक्षा दोनों के लिए नीव की ईट का काम कर रही हैं जिस प्रकार से दोनों घर जाकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का स्वास्थ्य परीक्षण करना,उनके बारे में सही जानकारी देना,कोरोना काल में अपने जान की चिंता न करना, दूसरे को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देना, कुपोषण से दूर करवाना आज विभिन्न प्रकार की योजनाओं को घर घर पहुंचा कर सरकार का सहयोग कर रही हैं। इसके लिए आप सभी अभिनंदन के पात्र हैं ।उसी कड़ी में आज महिला मोर्चा द्वारा पूरे जनपद में इस प्रकार के कार्यक्रम किए गए हैं। आनंदपुर में श्वेता अग्निहोत्री, शाहाबाद में रोली गुप्ता, सवायजपुर में रचना मिश्रा, टोडरपुर में अलका गुप्ता, कोथावां में बिंदेश्वरी सिंह, बिलग्राम में गीता गुप्ता,मल्लावां में चंपा कश्यप आदि विभिन्न विभिन्न स्थानों पर इसी प्रकार से आंगनबाड़ी और आशाओं को सम्मानित कर पार्टी ने सबसे नीचे से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा,14 वर्ष की नौकरी में इस प्रकार का सम्मान मुझे कभी नहीं मिला,यह भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों से द्वारा ही संभव है जबकि हम लोग हमेशा कार्य करते रहते हैं लेकिन आज जिस प्रकार से आप लोगों ने मुझे सम्मान दिया है इससे हमें कार्य करने के लिए और उत्साह मिला है। इस अवसर पर प्रभारी सीडीपीओ नीतू वर्मा, कोऑर्डिनेटर पूजा पाठक एवं काफी संख्या में आंगनबाड़ी,आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर के बर्तनों की सफाई करने के बहाने अज्ञात बदमाश ले उड़े गहने

बिसवां (सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला शेखसरायं निवासिनी रमा शर्मा के घर बर्तनों की सफाई करने के बहाने से घुसे अज्ञात बदमाशों ने मौका देखते ही महिला के कान के सोने के बाले नोचकर फरार हो गये। पीडिघ्ता ने पुलिस को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला शेख सरायं निवासिनी रमा शर्मा के घर में दिनदहाड़े दो अज्ञात बदमाश आये और बर्तन सफाई के नाम पर जबरदस्ती घर में घुसकर बर्तन की सफाई करने लगे और मौका देखते ही महिला के कान से सोने का बाला भी उतारकर उनको भी साफ करने लगे और गर्म पानी की मांग की। जैसे ही पानी गर्म करने महिला अंदर गयी इतने में वो फरार हो गए। जब महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकठ्ठा हुए तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पीडिघ्त महिला ने कोतवाली बिसवां में सूचना दे दी है। घर के पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार बदमाश कैद हो गए है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# जरुरी कागजों के रखरखाव के लिए आजमाए ये आसान तरीके, काम होगा आसान



हम सभी के घर में कुछ जरूरी कागजात होते ही हैं, जिन्हें हम फाइलों में रखते हैं। बच्चे की मार्कशीट से लेकर बिजली का बिल और पहचान के अन्य जरूरी कागजात व उनकी फोटोकॉपी को लोग फाइलों में संभालकर रखते हैं। इतना ही नहीं, पिछले कुछ वक्त से जब वर्क फ्रॉम होम का चलन काफी बढ़ा है तो घरों में इन फाइलों की संख्या भी बढ़ी है। ऑफिस के प्रोजेक्ट्स की फाइलों को भी लोग घर पर ही रख रहे हैं। हालांकि काफी सारी फाइलें हो जाने के बाद उन्हें सही तरह से आर्गेनाइज करना काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर घर में फाइलें सही तरह से आर्गेनाइज करके रखी जाती हैं, तो इससे घर भी बिखरा–बिखरा नजर नहीं आता और समय पर ढूंढने में भी आसानी होती है । तो चलिए जानते हैं कि घर में फाइलों को आर्गेनाइज करने के लिए आप किन तरीकों का सहारा ले सकती हैं–

बनाएं अलग कैबिनेट

अगर आपके पास काफी अधिक फाइलें हैं तो बेहतर होगा कि आप उन्हें टेबल पर रखने की जगह एक अलग कैबिनेट बनाएं और उसमें ही अपनी सभी जरूरी फाइलें रखें। इस तरह जब आपको कभी भी उन फाइलों की जरूरत होगी तो आप आसानी से कैबिनेट से निकाल पाएंगी।

करें लेबलिंग

अगर आपके पास फाइलों का भंडार है और आप उसे एक कैबिनेट में रखने की सोच रही हैं तो हर बार आपको अपनी जरूरी फाइल निकालने के लिए कुछ वक्त तो बर्बाद करना ही पड़ेगा। इस स्थिति से बचने और घर में फाइलों को बेहतर तरीके से आर्गेनाइज करने का सबसे अच्छा तरीका है लेबलिंग करना। इसके लिए आप फाइल के उपर कुछ तरह से लेबलिंग करें कि जब भी आप कैबिनेट खोलें, आपको दूर से ही समझ आ जाए कि कौन सी फाइल में कौन से डॉक्यूमेंट रखे हैं।

कलर कोड सिस्टम

अगर आप अपने घर में फाइलों का ढेर इकत्र्हा नहीं करना चाहतीं और आपके इतने डॉक्यूमेंट भी नहीं है कि आपको कई सारी फाइलों की जरूरत पड़े, तो ऐसे में आप अपनी जरूरत के अनुसार तीन–चार अलग–अलग कलर की बड़ी फाइलें लें और कलर के आधार पर आप एक फाइल में घर के जरूरी कागजात, दूसरे में ऑफिस के डॉक्यूमेंट और तीसरे में पर्सनल आईडेंटिडी से जुड़े कागज रखें। डेस्क आर्गेनाइजर का सहाराः कई बार कुछ डॉक्यूमेंट की जरूरत बार–बार पड़ती है, ऐसे में उठकर कैबिनेट से फाइल निकालना काफी इरिटेटिंग लगता है। ऐसे में अक्सर कागज को टेबल के कपड़े के नीचे या फिर साइड ड्राअर में रख देते हैं, जिससे उनके खोने का खतरा रहता है। इस स्थिति से बचने का एक तरीका है डेस्क आर्गेनाइजर। बेहतर होगा कि आप डेस्क पर एक डेस्क आर्गेनाइजर रखें और जरूरी कागजों को उसमें रखें।

## जयेशभाई जोरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैः रणवीर सिंह


सुपरस्टार रणवीर सिंह का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म जयेशभाई जोरदार उनके दिल के सबसे करीब है, जिसमें उन्होंने देश के सबसे बड़े निर्देशकों के साथ काम किया है। रणवीर



कहते हैं कि मैं धन्य और भाग्यशाली हूं कि मुझे यह स्क्रिप्ट मिली जो लोगों को प्रभावित करेगी। मैं आभारी हूं। जिन भूमिकाओं को मैंने पर्दे पर जीवंत किया है, मुझे उन पर भी गर्व है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर मुझे देश का सबसे अच्छा अभिनेता–मनोरंजक बनना है, तो मुझे ऐसे काम करने होंगे जो कोई न करता हो। उन्होंने आगे कहा, जयेशभाई जोरदार एक ऐसी फिल्म है जिसका हिस्सा बनकर मुझे बहुत मजा आया क्योंकि इसने मुझे फिर से एक ऐसा चरित्र निभाने के लिए प्रेरित किया, जिसका हिंदी सिनेमा में कोई संदर्भ बिंदु नहीं था। रणवीर ने जोर देकर कहा कि जयेशभाई जैसा किरदार पहले नहीं देखा गया है। रणवीर आगे कहते हैं कि उम्मीद है कि जयेशभाई पर्दे पर वीरता की परिभाषा बदल देगा और उम्मीद है कि सबसे मनोरंजक और प्रफुल्लित करने वाले अंदाज में लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश छोड़ेगा। जयेशभाई के चरित्र और फिल्म से उनकी अपेक्षाओं के बारे में उन्हें क्या पसंद है, इस बारे में रणवीर कहते हैं कि वह तेज दिमाग वाला है और उसका दिल साफ है। स्क्रिप्ट सिर्फ उल्लेखनीय है। आपको ऐसी फिल्में हर दिन नहीं मिलती है। जयेशभाई एक दुर्लभ प्रोजेक्ट है। मुझे आशा है कि हम इस फिल्म के साथ सभी का मनोरंजन करने का प्रबंधन करेंगे क्योंकि यह वास्तव में सभी को आनंद देगी। यशराज फिल्म्स की जयेशभाई जोरदार को नवोदित दिव्यांग ठक्कर द्वारा निर्देशित और मनीष शर्मा द्वारा निर्मित किया गया है। यह फिल्म दुनियाभर में 13 मई 2022 को रिलीज हो रही है।




# अनिल कपूर और हर्षवर्धन कपूर की थार 6 मई को नेटफ्लिक्स पर आएगी




दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया है। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। वह पिछले कुछ समय से अपने बेटे और अभिनेता हर्षवर्धन कपूर को इंडस्ट्री में स्थापित करने में लगे हैं। इस बाप–बेटे की जोड़ी नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म थार में नजर आएगी। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है। थार 6 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी।

अनिल ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, इस बंजर जमीन के छुपे सारे राज हो जाएंगे जल्द कानून के हाथ बेनकाब! 6 मई को आने वाली थार के रहस्य को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखिए। शेयर किए गए पोस्टर में अनिल और हर्षवर्धन का लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है। फिल्म को बाप–बेटे की जोड़ी ने ही प्रोड्यूस किया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए अनिल ने कहा, हमने थार के साथ जो हासिल किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और कई कारणों से फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। स्क्रीन पर हम हर्षवर्धन और फातिमा सना शेख की फ्रेश जोड़ी को देख पाएंगे। एक अभिनेता और एक निर्माता के रूप में मैंने हमेशा नए कंटेंट के साथ आगे बढने और यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया है। राज सिंह चौधरी फिल्म के निर्देशक हैं।

फिल्म के लेखन का जिम्मा भी राज सिंह ने संभाला है। सतीश कौशिक भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। थार एक रिवेंज ड्रामा है, जिसमें अनिल पुलिस अफसर का किरदार निभाएंगे। थार रेतीले पहाड़ों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह अस्सी के दशक की एक कहानी है, जो सिद्धार्थ नाम के शख्स पर केंद्रित है। सिद्धार्थ की भूमिका हर्षवर्धन निभाएंगे। इसकी कहानी हर्षवर्धन के किरदार के आसपास घूमती दिखेगी, जो बदले की आग में जल रहा है।

पिछले साल 24 दिसंबर को अनिल की फिल्म एके वर्सेज एके रिलीज हुई थी। विक्रमादित्य मोटवानी ने फिल्म का निर्देशन किया था। अनिल और अनुराग कश्यप ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई थी। खास बात यह है कि इस फिल्म में हर्षवर्धन भी नजर आए थे, लेकिन उनकी भूमिका काफी छोटी रखी गई थी। हालांकि, फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। इसमें हर्षवर्धन की बहन सोनम कपूर भी नजर आई थीं।

अनिल और हर्षवर्धन ने भारत के जबरदस्त निशानेबाज अभिनव बिंद्रा की बायोपिक के लिए हाथ मिलाया था, लेकिन यह अभी तक शुरू नहीं हुई है। हर्षवर्धन ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि इसके जरिए वह हिंदी सिने प्रेमियों तक अपनी पहुंच बना पाएंगे।

## मधुरिमा तुली की नई महिला केंद्रित फिल्म जीना अभी बाकी है

कुमकुम भाग्य फेम मधुरिमा तुली एक म्यूजिकल फिल्म जीना अभी बाकी है में नजर आने वाली हैं। फिल्म में मधुरिमा के अलावा अनुप्रिया गोयनका, दिव्यांका त्रिपाठी, प्रिया मलिक और राशा



किरमानी भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए मधुरिमा कहती हैं, महिला केंद्रित यह प्रोजेक्ट सिर्फ महिलाओं की कुछ कहानियां नहीं है और पूरी तरह से विभिन्न अवधारणाओं का एक बहुरूप–दर्शक है। शो के साथ अपने सफर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने कहा, हम महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती एक फिल्म की शूटिंग करना वाकई मजेदार था। दुनिया को ऐसी और फिल्मों की जरूरत है। सोनू निगम के संगीत और इम्तियाज अली के स्पर्श वाली फिल्म के लिए काम करना अद्भुत है। वरुण गुप्ता द्वारा निर्देशित और बिग बैंग मीडिया ओरिजिनल की प्रस्तुति जीना अभी बाकी है एक संगीतमय फिल्म है।

# इन 5 तरीको से दे अपने टीवी पैनल को आकर्षक लुक



आजकल ज्यादातर घरों में टीवी को दीवार पर टांगा जाता है।वहीं, टीवी के आस–पास की दीवार को भी सजाने का चलन जोरो पर है। लोग अपनी पसंद और बजट के हिसाब से टीवी प्लेस को सजाते हैं।। वैसे टीवी पैनल को सजाने के लिए आजकल पेटिंग और प्रिंटेट माइका काफी चलन में है। इसके अलावा भी कई तरीको से इसे सजाया जाता है। तो आइए जानते हैं इसे डेकोरेट करने के कुछ तरीकों के बारे में।

प्रिंटेड मायका का इस्तेमालः अगर हम पैनलिंग के लिए प्रिंटेट माइका की बात करें तो इससे दीवार को हाइलाइट किया जाता है। इससे 3ष्ठ स्टाइल में टीवी पैनलिंग को सजाया जाता है। ध्यान रखें कि अगर टीवी वाली दीवार लाइट कलर की है तो बाकी की दीवारों पर डार्क कलर करवाएं। थ्री डी वॉलपेपर का इस्तेमालः आजकल थ्री डी वॉलपेपर का चलन काफी जोरो पर है। आप चाहे तो जिस दीवार पर टीवी लगा है उस दीवार पर इस तरह का वॉलपेपर लगवा सकती हैं। ये आपके घर को बिल्कुल डिफरेंट लुक देगा और टीवी देखने का मजा भी बढ़ाएगा। कुछ और तरीकेः – टीवी पैनलिंग के लिए आप कप बोर्ड का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये जहां दिखने में शानदार लगती है वहीं आप इसमें अपनी पसंद की चीजें भी सजा सकती हैं।

– टीवी एरिया को सजाने के लिए और कलरफुल लुक देने के लिए आप आप कॉपर पेंटिंग का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की पेटिंग घर को ट्रेंडी और क्लासी लुक देती है। – आजकल वुडन की दीवार का चलन जोरो पर है और ये दिखने में भी क्लासी लगती हैं। इस तरह की दीवार को आपको ज्यादा सजाने की जरूरत नहीं पड़ती। ये सिंपल ही अच्छी लगती हैं।